# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 28 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष शुक्ल 9 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 109, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट से करें करियर की ब्रांडिंग

ए ट्रेस अनीत की चमकी किस्मत लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट से करें करियर की ब्रांडिंग ◀◀ 6


# उपद्रवियों ने जगन्नाथ मंदिर के पार्किंग में खड़ी दो बाइक में लगाई आग

## दोनों बाइक जलकर खाक, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**रांची:** जगन्नाथपुर मंदिर के पार्किंग स्थल में खड़ी दो बाइक को आसामाजिक तत्वों द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। घटना शनिवार देर रात लगभग दो बजे की बताई जा रही है। मंदिर परिसर के बाहर पार्किंग में खड़ी बाइकों से अचानक धुआं उठने लगा, देखते ही देखते आग ने दोनों बाइकों को अपनी चपेट में ले लिया।

स्थानीय लोगों ने आग की लपटें देख तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन तब तक दोनों बाइकें पूरी तरह जल चुकी थीं। आगलगी की सूचना मिलने पर जगन्नाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में अज्ञात लोगों के द्वारा आगजनी की आशंका जताई जा रही है। मंदिर परिसर के आस पास रहने वाले लोगों ने आगलगी की घटना के बाद मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किया है। जगन्नाथपुर मंदिर प्रबंधन के ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने बताया कि मंदिर परिसर के बाहर दो बाइक में आग लगने की वजह से बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इसमें असामाजिक तत्वों का हाथ होने की आशंका है। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों पर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, दूसरी तरफ धुर्वा थाना की पुलिस अगलगी मामले की जांच में लगी हुई है। मंदिर परिसर और उसके आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को पुलिस खंगाल रही है। धुर्वा थाना प्रभारी विमल किंडो ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में विशेष जानकारी दी जा सकती है।



### मणिटोला में एक साथ दो जगहों पर चोरी

**रांची:** राजधानी रांची के डोरंडा मणिटोला में चोरों ने एक ही रात में दो अलग-अलग जगहों को निशाना बनाया। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने राध्या डेंटल क्लिनिक में घुसकर नकद रुपये और कई जरूरी सामान चुरा लिए। इसके बाद लक्ष्मी गुप्ता के बंद घर में भी चोरी की वारदात हुई, जहां से कीमती सामान और नकदी गायब हो गये।

घटना की सूचना मिलते ही डोरंडा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और चोरों की तलाश में जुटी हुई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोग काफी परेशान हैं और सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा-एंटीबायोटिक दवा का प्रयोग डॉक्टर की सलाह से करें, मनमर्जी से नहीं

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया है कि वे कोई भी एंटीबायोटिक दवा मनमर्जी से नहीं लें और उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह पर ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए। पीएम मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 129वीं कड़ी के प्रसारण में कहा कि इस मंच से उन्हें समाज की भलाई से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा का एक बहुत अच्छा अवसर मिलता है इसलिए वह समाज के हित से जुड़े सभी सुझावों का इस कार्यक्रम के जरिए लोगों तक पहुंचाते हैं।

उन्होंने कहा आज मैं एक ऐसे मुद्दे पर बात करना चाहता हूं, जो हम सभी के लिए चिंता का विषय बन गया है। आईसीएमआर यानी



भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें बताया गया है कि निमोनिया और यूटीआई जैसी कई बीमारियों के खिलाफ एंटीबायोटिक दवाएं कमजोर साबित हो रही हैं। हम सभी के लिए यह बहुत ही चिंताजनक है। रिपोर्ट के मुताबिक इसका एक बड़ा कारण लोगों द्वारा बिना सोचे-समझे एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एंटीबायोटिक ऐसी दवाएं नहीं हैं, जिन्हें यूं ही ले लिया जाए। इनका इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह से ही लिया जाना चाहिए। आजकल लोग ये मानने लगे हैं कि बस एक गोली ले लो, हर तकलीफ दूर हो जाएगी। यही वजह है कि बीमारियां और संक्रमण इन एंटीबायोटिक दवाओं पर भारी पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि कृपया मनमर्जी से दवाओं का इस्तेमाल करने से बचें। एंटीबायोटिक दवाओं के मामले में तो इस बात का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। मैं तो यही कहूंगा कि दवाई के लिए दिशानिर्देश और एंटीबायोटिक के लिए डॉक्टर्स की जरूरत है। यह आदत आपकी सेहत को बेहतर बनाने में बहुत मददगार साबित होने वाली है।

# बिहार में मालगाड़ी के आठ डब्बे पटरी से उतरे, परिचालन प्रभावित



**जमुई :** बिहार के जमुई जिले में शनिवार देर रात हावड़ा-किऊल रेलखंड पर स्थित सिमुलतला स्टेशन के पास एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके कारण अन्य ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, सिमुलतला स्टेशन के पास मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसकी वजह से रात्रि से अप और डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया है। कई एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किए गए हैं। रात में गुजरने वाली करीब दो दर्जन एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन बाधित होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बताया गया कि सीमेंट से लदी मालगाड़ी अप लाइन पर जसीडीह से झाझा की ओर जा रही थी और अचानक टेलवा बाजार हाल्ट के पास पुल संख्या 676 पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद सभी डिब्बे पुल के पास ही रह गए और इंजन करीब 400 मीटर आगे टेलवा बाजार हाल्ट के पास जाकर रुका। इसके बाद, गाड़ी के चालक और गार्ड ने तत्काल इसकी सूचना सिमुलतला स्टेशन को दी।







## समाचार सार



### खेत में मिला वृद्ध का शव, जांच में जुटी पुलिस

**खूंटी:** जिले के तोरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ाइक टोली के समीप शनिवार को धान कटे खेत में एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 60 वर्षीय सुभाष सिंह के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तोरपा थाना को इसकी जानकारी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पुत्र विपुल सिंह ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की देर शाम करीब 7 बजे उनके पिता सुभाष सिंह घर से निकले थे। वे प्रायः ऐसे ही घूमने-फिरने निकल जाते थे, इसलिए परिजनों को विशेष चिंता नहीं हुई। लेकिन पूरी रात बीत जाने के बाद भी जब वे घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई।

शनिवार दोपहर ग्रामीणों ने बड़ाइक टोली के पास धान कटे खेत में एक शव पड़ा देखा। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तोरपा थाना प्रभारी मुकेश यादव एवं एसआई अमरेन्द्र मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। पुलिस जांच में प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि सुभाष सिंह धान कटे खेत से गुजर रहे थे, इसी दौरान उनका पैर खेत में फंस गया, जिससे वे वहीं गिर पड़े। काफी प्रयास के बावजूद वे खेत से बाहर नहीं निकल सके। रात भर कड़ाके की ठंड में खेत में पड़े रहने के कारण उनकी मौत हो जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर है, वहीं गांव में भी मातम का माहौल है।

तोरपा थाना पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल इसे एक हादसा माना जा रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो घायल



**खूंटी:** जिले के डोरमा-डूंडीगरा के तीन युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए । इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, घायलों को तोरपा उप प्रमुख संतोष कर और स्थानीय लोगों की सहायता से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार, डोरमा डूंडीगरा के महावीर कांडुलन, रोहित कुमार और नंदू मुंडा नामक तीन युवक बजाज डोमिनर बाइक पर सवार होकर डोरमा से खूंटी के सोनमेर मंदिर गए थे। सोनमेर से वापसी के दौरान खूंटी-तोरपा मार्ग पर अंग्राबारी स्वास्थ्य उपकेंद्र के पास उनकी डोमिनर बाइक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई।

इस सड़क दुर्मघटन में महावीर कांडुलन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि रोहित कुमारः गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका खूंटी सदर अस्पताल में इलाज जारी है, वही नंदू मुंडा भी गंभीर रूप से घायल है जिसका देवनिका अस्पताल में इलाज जारी हो रहा है। घटना के बाद तोरपा उप प्रमुख संतोष कर और स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता की, साथ ही घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह दुखद सड़क दुर्घटना कैसे हुई है। क्या यह किसी अन्य वाहन की चपेट में आने से हुई? या फिर डोमिनर बाइक के तेज गति के कारण बाइक अनियंत्रित होने से ये दुर्घटना हो गई? हालांकि, बाइक की क्षतिग्रस्त हालत को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह किसी वाहन से टकराने के कारण हुआ होगा। पुलिस ने मृतक महावीर कांडुलन के शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। आगे की जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी कि ये हादसा बाइक के अनियंत्रित होने से हुई है या किसी दूसरे गाड़ी के टकराने से।

### अंग्राबारी में झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय प्रसाद ने सा परिवार की पूजा-अर्चना



**खूंटी:** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय प्रसाद ने शुक्रवार को खूंटी जिला के अंग्राबारी स्थित बाबा आम्रेश्वर धाम में पूरे परिवार के साथ आध्यात्मिक अनुष्ठान पूजा में भाग लिया। वे अपने परिवार के साथ झारखंड के प्रमुख धार्मिक स्थल आम्रेश्वर धाम पर पहुंचे और पूरे परिवार के साथ विधि-विधान से स्वयं भू शिवलिंग भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। ये पूरा पूजा अनिष्मुठन मंदिर के मुख पुजारी श्री हरिहर कर के नेतृत्व में संपन्न हुए इस धार्मिक कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग का जलाभिषेक एवं विशेष आरती की गई। न्यायाधीश झारखंड हाई कोर्ट संजय प्रसाद ने इस दौरान क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। आम्रेश्वर धाम समिति ने न्यायाधीश संजय प्रसाद के आगमन पर परंपरागत स्वागत किया। आम्रेश्वर धाम समिति के महामंत्री मनोज कुमार एवं महेंद्र प्रसाद भगत ने मुख न्यायाधीश को अंग-वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही प्रस्थान के समय उन्हें आम्रेश्वर धाम का स्मृति-चिह्न भी भेंट किया गया। इस अवसर पर खूंटी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खूंटी पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान आम्रेश्वर धाम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

# 12 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की तैयारी पूरी

## फरवरी से शुरू होगा एसआईआर का दूसरा चरण



**संवाददाता**

**रांची :** राज्य में मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को और सख्त कर दिया गया है। राज्य में लगभग 12 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की तैयारी पूरी हो चुकी है और संभावना है कि फरवरी माह से एसआईआर के दूसरे चरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वोटर आईडी बनाए जाने की शिकायतों के बाद भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने झारखंड सहित सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची हर हाल में सही, भरोसेमंद और विवाद से परे होनी चाहिए।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जिन मतदाताओं को निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी की ओर से नोटिस जारी किया जाएगा, उन्हें अपनी पात्रता से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करने होंगे। इसमें पिछली एसआईआर प्रक्रिया के दौरान की गई मैपिंग से जुड़े प्रमाण भी शामिल हो सकते हैं। सभी दस्तावेजों को बूथ लेवल ऑफिसर ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाएगा।

दस्तावेज अपलोड होने के बाद ईआरओ स्तर पर उनकी गहन जांच की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि दस्तावेज प्राप्त होने के पांच दिनों के भीतर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य होगा। पूरी प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी की निगरानी में संचालित की जाएगी।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने इस संबंध में सभी जिलों को पत्र भेजकर आयोग के ताजा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्यभर में मतदान केंद्रों और उनके क्षेत्रों की जियो-फेंसिंग कराई जा रही है, जिससे मतदाता सूची की पारदर्शिता और विश्वसनीयता और मजबूत हो सके।के. रवि कुमार ने कहा कि कम मैपिंग वाले क्षेत्रों में वोटर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाई जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एक भी योग्य मतदाता छूटने न पाए और अधिक से अधिक मतदाताओं को पिछली गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की मतदाता सूची से मैपिंग कराना सुनिश्चित किया जाए।

### ठंड से कांप रहा झारखंड

## राज्य में शीतलहर व कोहरे की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट



**संवाददाता**

**रांची:** राज्य में शीतलहर व कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। यह जानकारी मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक बुलेटिन में दी गई। गुमला सबसे ठंडा जिला रहा, जहां पारा गिरकर 3.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

आईएमडी के जारी बुलेटिन के अनुसार, गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा और गुमला के लिए शीतलहर की स्थिति को लेकर येलो' अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में रविवार सुबह 8:30 बजे तक ठंड का प्रकोप जारी रहने का अनुमान है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने कहा, झारखंड के निचले क्षोभमंडलीय स्तरों में चलने वाली उत्तर-पश्चिमी से पश्चिमी हवाओं के कारण शीतलहर की स्थिति उत्पन्न हो रही है।" उन्होंने कहा कि अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने का अनुमान नहीं है और उसके बाद अगले दो से तीन दिनों में इसमें दो-तीन डिग्री की वृद्धि होगी।

आईएमडी के अधिकारी ने बताया कि राज्य के 12 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया। आईएमडी के बुलेटिन के अनुसार, पिछले 24 घंटों में खूंटी में 4.7 डिग्री सेल्सियस और लोहरदगा में 5.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि डाल्टनगंज में पारा गिरकर 5.5 डिग्री सेल्सियस रह गया। इसमें कहा गया कि रांची में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में 8.5 डिग्री सेल्सियस और चाईबासा में 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

## एक करोड़ की लागत से बना मनोरंजन पार्क दो साल से बंद, जनता मायूस



**मुरहू :** प्रखंड में बुर्जुगों, महिलाओं एवं बच्चों के मनोरंजन के उद्देश्य से लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मनोरंजन पार्क पिछले दो वर्षों से बंद पड़ा है। इस स्थिति से स्थानीय जनता में गहरी नाराजगी और मायूसी देखी जा रही है।

उप प्रमुख मुरहू अरुण कुमार साबू ने बताया कि उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए खूंटी के उपायुक्त से मनोरंजन पार्क निर्माण की मांग की थी। इस पहल पर जिला प्रशासन ने जिला परिषद मद से मुरहू में पार्क का निर्माण कर जनता को समर्पित किया। लेकिन दुर्भाग्यवश, टेंडर होने के बाद ठेकेदार द्वारा पार्क का समुचित रख-रखाव नहीं किया गया, जिसके कारण यह पार्क धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील होता जा रहा है।

उप प्रमुख ने इस गंभीर मामले को लेकर उपायुक्त खूंटी, उप विकास आयुक्त, पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरहू एवं कार्यपालक पदाधिकारी को कई बार पत्र लिखकर शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

उन्होंने कहा कि यदि जिला परिषद इस पार्क का संचालन करने में असमर्थ है, तो प्रखंड स्तर से इसका संचालन किया जाना चाहिए, ताकि सरकार द्वारा जनहित में खर्च किए गए करोड़ों रुपये व्यर्थ न जाएं। उप प्रमुख के अनुसार ठेकेदार ने साफ शब्दों में कहा है कि पार्क खोलने पर खर्च अधिक और आमदनी कम होने से उसे आर्थिक नुकसान होता है, इसलिए वह इसका संचालन नहीं करेगा।

नए वर्ष की शुरूआत के बावजूद पार्क पर लगे ताले बच्चों की आंखों में निराशा पैदा कर रहे हैं। जिस पार्क के निर्माण से बच्चों में खुशी और उत्साह था, वही आज बंद पड़ा है। प्रखंड स्तर पर महिलाओं और परिवारों के लिए घूमने-फिरने का यह एकमात्र स्थान था, जिसे ठेकेदार की लापरवाही ने बर्बाद कर दिया।

इस संबंध में जिला परिषद की मुरहू पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्र की सदस्यों ने भी ठेकेदार से पार्क खोलने का आग्रह किया, लेकिन उसने इसे अस्वीकार कर दिया। जिला परिषद सदस्य नेलानी देमता ने कहा कि यदि जिला परिषद खूंटी इस पार्क का संचालन नहीं कर सकती, तो प्रखंड प्रशासन को इसे अपने अधीन लेकर जनता के लिए खोलना चाहिए।

मुरहू प्रखंड की जनता का कहना है कि उप प्रमुख अरुण कुमार साबू की यह पहल पूरी तरह जनहित में और सराहनीय थी, लेकिन पार्क को बंद कर कबाड़ में बदल देना बेहद दुखद है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर पार्क खोलने और इसके नियमित संचालन की मांग की है।

## पार्टी के नव निर्वाचित विस अध्यक्ष व महासचिव का जोरदार स्वागत



**संवाददाता**

**सिल्ली:** शनिवार को सिल्ली स्तिथ प्रधान पार्टी कार्यालय में सिल्ली विस युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित अध्यक्ष विकाश रजक एवं महासचिव पद पर निर्वाचित रुषतम उरांव को जोरदार स्वागत किया. इस अवसर पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी का पूर्व अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से नियुक्ति प्रक्रिया चला रही है. हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर सशक्त बनाया जा रहा है.आज विपक्ष में बैठे भाजपा आजसु के लोग 20 साल सत्ता में रहे झारखंडियों के हित में कोई काम तो किया नही केवल मलाई खाते रहे है.श्री महतो ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी और इनके सहयोगी सत्ता की भूख में धर्म और जाति का इस्तेमाल करती है और काम निकलते ही उन्हीं वर्गों को छोड़ देती है.मौके पर राजीव रंजन राजू, सोनाहातु प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी, उपाध्यक्ष निशाकर महतो, महासचिव मंजूर मोमिन, सैय्यद कमर आलम, भागीरथ महतो , रामु मोदक, श्रीप्रसाद बड़ाईक, सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशीष दत्ता, मोहन उपाध्याय, बालेश्वर बेदिया आदि मौजूद थे. दूसरी ओर चर्चा है कि नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष लालबहादुर महतो कृष्ण कुमार यादव एंव महासचिव महावीर महतो को इस कार्यक्रम की जानकारी तक नही दिए जाने पर दुःखी है.जग जाहिर है राहुल गांधी ने भारत को एकजुट और साथ मिलकर देश को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को दक्षिण भारत के कन्याकुमारी से शुरू की थी 30 जनवरी को 136 दिन बाद 14 राज्य का सफर करते हुए श्रीनगर में समाप्त हो हुई थी। इसलिए पार्टी के अंदर मतभेद कहीं से उचित नही।

# मरकच्चो के बिरहोर टोला में ठंड से नवजात की मौत

## कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर बंधाया ढांढस, दी गई राहत सामग्री



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मरकच्चो:** प्रखंड अंतर्गत तेलियामारन बिरहोर कॉलोनी में ठंड लगने से एक बिरहोर नवजात शिशु की मृत्यु की हृदयविदारक घटना सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल बिरहोर टोला तेलियामारन पहुंचा और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस मौके पर प्रदेश सचिव मनोज सहाय उर्फ पिंकू, कांग्रेस नेता व 20 सूत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह, कांग्रेस नेता व 20 सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, असीम अंसारी, उपेंद्र सिंह समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने पीड़ित परिवार को खाने का अनाज, ठंड से बचाव के लिए कंबल एवं आर्थिक सहायता प्रदान की तथा आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने मरकच्चो प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को सरकारी स्तर से शीघ्र एवं समुचित सहायता उपलब्ध कराने को लेकर बातचीत की। वहीं, मरकच्चो प्रखंड के ग्राम भोजपुर स्थित उपेंद्र सिंह के आवास पर मरकच्चो प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस नेता रवि शंकर सिंह ने की। बैठक में 28 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय परिसर, मरकच्चो स्टेडियम में कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में जिले भर के कांग्रेस पदाधिकारी एवं सम्मानित कांग्रेसजनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में असिन अंसारी, जमीरउद्दीन, अख्तर अंसारी, आकाश कुमार सिंह सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### सरस्वती पूजा पंडाल बनाने को लेकर बैठक संपन्न

**खलारी:** बुकबुका पंचायत लाला धोड़ा में भव्य सरस्वती पूजा मनाने को लेकर बैठक हुई । इस बैठक की अध्यक्षता सोनू तुरी एवं संचालन गोलू कुमार तुरी ने किया बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया । हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी विशाल सरस्वती पूजा पंडाल बनाने पर सहमति जताई गई और पूजा की पूरी तयारी में सभी पूजा समिति के लोग रहेगे और पूजा पंडाल अलग होगा जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बने। ऐसी योजना के साथ कार्य करने पर तैयारी की गई । साथ ही इस पूजा पंडाल में साउंड पर विशेष ध्यान देते हुए किसी प्रकार का अश्लील गाने नहीं बजेंगे जो पूर्व में भी कभी नहीं बजा है । साथ ही कुछ बच्चों द्वारा धार्मिक कार्यक्रम भी प्रस्तुति किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष-सुजल तुरी सचिव- सत्यम तुरीबंटी तुरी, विनय कुमार,दिपक तुरी , सोनू तुरी, मुकेश तुरी, मनीष सिंह, गगन तुरी, अमित लोहरा, बादल राणा, ध्रुव राम, बादल राम, देवराज तुरी, दिपक लोहरा उपस्थित थे।

### बेंदी पंचायत भवन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**चंदवारा:** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बेंदी पंचायत भवन में शनिवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख मंजू देवी,स्थानीय मुखिया दुलारी देवी, ने दीप प्रज्वलित कर किया । शिविर में आदिम जनजाति के बिरहोर परिवार के लगभग 10 बच्चे का जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र लगभग पांच बच्चे का आधार कार्ड पांच बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया। सहित कई वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। एवं कई लाभुकों के बीच बतख पालन बकरी पालन का लाभ दिया गया। मौके पर कॉर्डिनेटर रवि प्रसाद, अंचल निरीक्षक हरिकृष्ण प्रसाद, पंचायत सचिव किशोर यादव, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार, बी एफ टी प्रदीप सिंह, कृष्णा सिंह, चंद्रभूषण साव, रमन यादव, सुनील आगेरी, उर्मिला देवी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस स्थापना दिवस पर पेसा उत्सव, नियमावली लागू होने पर आदिवासी स्वशासन का जश्न

छऊ नृत्य और मांदर की थाप के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भव्य जुलूस | पेसा नियमावली लागू करना ऐतिहासिक फैसला, ग्रामसभा को मिले वास्तविक अधिकारः कांग्रेस

**संवाददाता**

,6,लीड

**रांचीः** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड में पेसा नियमावली लागू होने के बाद पेसा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ. राजेश गुप्ता के सौजन्य से गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।

रांची विश्वविद्यालय परिसर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक छऊ नृत्य, मांदर की थाप और जनजातीय गीत-संगीत के साथ झूमते-गाते जुलूस निकाला, जो कांग्रेस कार्यालय तक पहुंचा। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने पेसा कानून की नियमावली लागू होने पर खुशी जताई और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, प्रभारी के.राजू एवं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह के प्रति आभार प्रकट किया।



कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मांदर की थाप पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह भी उत्सव में झूमते नजर आए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ. राजेश गुप्ता ने के. राजू, दीपिका पाण्डेय सिंह एवं केशव महतो कमलेश को 51 किलो की माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी की ओर से धन्यवाद एवं सम्मान व्यक्त किया।

मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि पेसा कानून की नियमावली लागू होना आदिवासी एवं ग्रामसभा आधारित लोकतंत्र की बड़ी जीत है। इससे ग्रामसभाओं को वास्तविक अधिकार मिलेगा और जल, जंगल, जमीन की रक्षा मजबूत होगी। यह निर्णय कांग्रेस पार्टी की वर्षों पुरानी प्रतिबद्धता का परिणाम है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड की जनता, विशेषकर आदिवासी समाज, लंबे समय से पेसा नियमावली की प्रतीक्षा कर रहा था। गठबंधन सरकार ने इसे लागू कर यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस गरीब, आदिवासी और वंचित समाज के अधिकारों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती है और उसे जमीन पर उतारती भी है।

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा कि पेसा नियमावली लागू होने से ग्रामसभाओं को निर्णय लेने की ताकत मिलेगी और विकास अब गांव की सहमति से होगा। यह कानून केवल अधिसूचना नहीं, बल्कि आदिवासी स्वशासन और सामाजिक न्याय की मजबूत नींव है।

वही दीपिका पाण्डेय सिंह ने अपने बयान में कांग्रेस नेताओं को सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेसा उत्सव के अवसर पर मिले स्नेह और सम्मान के लिए वह प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश महासचिव आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ. राजेश गुप्ता सहित सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं का हृदय से धन्यवाद करती हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें जनजातीय समाज और ग्रामसभाओं के अधिकारों के लिए और अधिक जिम्मेदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि पेसा उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, स्वशासन और संवैधानिक अधिकारों का उत्सव है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आदिवासी समाज के हितों को प्राथमिकता दी है और आगे भी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ी रहेगी।

वहीं लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा पेसा नियमावली का लागू होना आदिवासी समाज के स्वशासन और अधिकारों को मजबूती देने वाला ऐतिहासिक कदम है, जिसे कांग्रेस ने साकार किया है।

डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा पेसा कानून की नियमावली से गांव, ग्रामसभा और जनजातीय समाज को वास्तविक अधिकार मिलेंगे और यह सामाजिक न्याय की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। पेसा उत्सव ने कांग्रेस स्थापना दिवस को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया।

## आईआईएम पुल के पास 33केवी केबल में आग लगी, इलाके की बिजली बंद

**रांचीः** राजधानी रांची के पुंदाग आईआईएम पुल के पास 33 केवी केबल मे आग लगने से बिजली की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। आग लगने की वजह से पुंदाग, पिस्का मोड़ सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बंद हो गई है। बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्माचरियों का दल बिजली की आपूर्ति ठीक करने में लगा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक पुंदाग आईआईएम के पास 33केवी केबल में आग लगने की वजह पुल पर आग जलाने के बाद उसे नीचे फेंकना है। बिजली विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि सर्दी से बचने के लिए ट्रक आदि के चालकों ने सुबह पुल पर आग जला कर तापी होगी और जाने से पहले उसे पुल से नीचे गिराया होगा। इससे पुल के नीचे गुजर रहे 33केवी केबल में आग लग गयी। जिस केबल में आग लगी है वह अंडर ग्राउंड केबल का एक हिस्सा है, जिसे पुल के पास से जमीन के ऊपर से आगे ले जाया गया था।

## ममता का कोई मोल नहीं



**रांचीः** अपनापन से बढ़कर और कुछ भी नहीं। जी हां तस्वीर यह बताने के लिए काफी है कि गाय को मां का दर्जा क्यों मिला हुआ है। ठंड के इस मौसम में एक कुत्ता गाय के पास इस आस में आया कि शायद उसे यहां पर कुछ राहत मिलेगी। हुआ भी कुछ ऐसा ही। कंबल ओढ़े हुई गौ माता ने कुत्ते को अपने पास रखा और प्यार से उसे दुलारती रही।

## विजय शंकर नायक ने थामा कांग्रेस का हाथ



**रांचीः** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी को आज एक बड़ी मजबूती मिली। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं पुराने समाजवादी, सामाजिक न्याय के प्रति संघर्षरत योद्धा विजय शंकर नायक ने आज कांग्रेस भवन, रांची में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की गरिमामयी उपस्थिति में के. राजू ने विजय शंकर नायक को माला पहनाकर एवं पार्टी का पटका ओढ़ाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया तथा प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने श्री नायक का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से पार्टी के आदिवासी-मूलवासी एवं सामाजिक न्याय के एजेंडे को और बल मिलेगा। श्री नायक ने कांग्रेस में शामिल होने पर खुशी जताते हुए कहा कि वे कांग्रेस के सिद्धांतों एवं न्याय की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

# पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची में अत्याधुनिक 'स्पाइग्लास' एंडोस्कोपी तकनीक की शुरूआत

जटिल पित्त रोगों का अब रांची में ही संभव होगा इलाज

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर कार्य को आगे बढ़ाते पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची ने गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पारस एचईसी हॉस्पिटल रांची ने अत्याधुनिक एंडोस्कोपी तकनीक 'स्पाइग्लास' की शुरूआत की है, जिससे पित्त की नली के जटिल पत्थरों और कैंसर का सटीक उपचार अब रांची में ही संभव हो सकेगा। मरीजों को जटिल सर्जरी से राहत मिलेगी। इस तकनीक का पहला सफल प्रयोग 23 दिसंबर 2025 को एक ऐसे मरीज पर किया गया, जिसके पित्त की नली में इतने बड़े पत्थर थे कि सामान्य ईआरसीपी प्रक्रिया से उन्हें निकालना असंभव था।




गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डॉ. ब्रिगेडियर आलोक चंद्रा ने कहा कि पूर्व में ऐसे मरीजों को या तो बड़े ऑपरेशन से गुजरना पड़ता था या इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता था लेकिन अब पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची में इसकी सुविधा मरीजों को मिलेगी।

डॉ. ब्रिगेडियर आलोक चंद्रा ने कहा कि स्पाइग्लास एंडोस्कोपी के तहत पित्त की नली के अंदर एक अत्यंत सूक्ष्म एंडोस्कोप डाला जाता है। इसमें इलेक्ट्रोहाइड्रोलिक लिथोट्रिप्सी (शॉक वेव जनरेटर) का उपयोग कर पत्थरों को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ दिया जाता है, जिससे नली की पूरी सफाई हो जाती है। संबंधित मरीज को इस प्रक्रिया के मात्र दो दिन बाद ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह तकनीक पित्त की नली के कैंसर के इलाज में भी मील का पत्थर साबित होगी। इसके माध्यम से डॉक्टर कैंसर प्रभावित हिस्से को प्रत्यक्ष रूप से देखकर वहां से सटीक बायोप्सी ले सकते हैं। साथ ही, यदि ट्यूमर के कारण नली में रुकावट हो, तो लेजर तकनीक से रास्ता बनाकर स्टेंटिंग की जा सकती है।


पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस हॉस्पिटल रांची का लक्ष्य गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एंडोस्कोपी की सेवाओं में निरंतर सुधार करना है ताकि झारखंड के मरीजों को विश्व स्तरीय सुविधाएं स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो सकें। अब मरीज को किसी दूसरे शहर में जाने की जरूरत नहीं है।



## भाजपा नेताओं ने सुनीं प्रधानमंत्री के मन की बात

**रांचीः**आज प्रदेश कार्यालय में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो प्रोग्राम मन की बात के #129वें संस्करण को प्रदेश संगठन महामंत्री करमवीर सिंह , कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू , प्रदेश महामंत्री एवं राज्य सभा सांसद प्रदीप वर्मा , प्रदेश उपाध्यक्ष, महामंत्री, विधायक गण, एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सुना।

## रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन के चेयरमैन रामकृपाल सिंह का निधन



**रांची :** झारखंड और बिहार की प्रमुख कंस्ट्रक्शन कंपनी रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन के चेयरमैन रामकृपाल सिंह का आज सुबह निधन हो गया। वे पिछले करीब 15 दिनों से बीमार चल रहे थे और पटना के पारस अस्पताल में इलाजरत थे। 87 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली।

रामकृपाल सिंह मूल रूप से बेगुसराय जिले के रामदिरी गांव के निवासी थे। रांची के चेशायर होम रोड में भी उनका आवास था। उनके निधन की खबर मिलते ही झारखंड और बिहार के निर्माण जगत में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार में उनके दो पुत्र सुधीर कुमार और रंजन कुमार, एक पुत्री, दो पोते और दो पोतियां हैं। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर दो बजे बेगुसराय स्थित उनके पैतृक गांव में किया जाएगा।

## रिश्तों को शर्मसार करता वीडियो वायरल

**रांचीः** राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस सीसीटीवी फुटेज में एक बहू अपनी बुजुर्ग सास और जेठ की बेरहमी से पिटाई करती नजर आ रही है। इस घटना ने पारिवारिक सुरक्षा और बुजुर्गों के प्रति बढ़ते अपराधों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि आरोपी महिला, जिसकी पहचान सीमा वर्मा के रूप में हुई है, अचानक अपनी सास रेणु वर्मा पर हमला कर देती है। सीमा ने बुजुर्ग सास की गर्दन पकड़ी और उन्हें जबरदस्त धक्के के साथ पलंग पर पटक दिया। इसी बीच, जब महिला के जेठ रमन वर्मा बीच-बचाव करने आए और पुलिस को फोन करने लगे, तो सीमा उन पर भी टूट पड़ी। वीडियो में दिख रहा है कि महिला ने पहले लोहे की रॉड और फिर क्रिकेट बैट से अपने जेठ की जमकर पिटाई की।

# महिला हॉकी इंडिया लीग आज से



**रांची :** राजधानी रांची में रविवार से महिला हॉकी इंडिया लीग का आगाज हो रहा है। यह टूर्नामेंट 28 दिसंबर से शुरू होकर 10 जनवरी तक चलेगा। करीब 14 दिनों तक चलने वाली इस लीग में देश और विदेश की नामी महिला हॉकी खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग का दूसरा सीजन मोरहाबादी स्थित मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खेला जाएगा। उद्घाटन मुकाबले में मेजबान टीम रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स आमने-सामने होंगी।

उद्घाटन समारोह को खास बनाने के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर विशेष प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन शामिल होंगी। इस सीजन में कुल चार फ्रेंचाइजी टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। 12 लीग मैचों के बाद शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। पहले सीजन की सफलता के बाद इस बार भी दर्शकों को रोमांचक और तेज हॉकी देखने की उम्मीद है।

वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के फ्लैग-ऑफ समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा-

# राष्ट्रभक्ति, युवा शक्ति, साहस और जनजातीय गौरव का प्रतीक है अभियान

**रांचीः** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज बिरसा मुंडा संग्रहालय में आयोजित वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के फ्लैग-ऑफ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित यह साइक्लोथॉन केवल एक साइकिलिंग अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, युवा शक्ति, साहस और जनजातीय गौरव का सशक्त प्रतीक है। राज्यपाल ने एनसीसी बिहार-झारखण्ड निदेशालय, आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों, प्रशिक्षकों तथा विशेष रूप से एनसीसी कैडेट्स को इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल भविष्य का कर्णधार ही नहीं, बल्कि वर्तमान का सशक्त आधार भी है।



राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे केवल जनजातीय समाज के नायक नहीं थे, बल्कि अन्याय, शोषण और औपनिवेशिक दमन के विरुद्ध भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक थे। उनकी मातृभूमि, संस्कृति और समाज के प्रति प्रतिबद्धता सभी को प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को हर वर्ष पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवसके रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। राज्यपाल ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि झारखण्ड की धरती से प्रारंभ होकर यह साइकिल यात्रा लगभग 1300 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए नई दिल्ली पहुँचेगी और स्वतंत्रता संग्राम में झारखण्ड के योगदान को सम्पूर्ण राष्ट्र तक पहुँचाएगी।

उन्होंने कहा कि वे भी एनसीसी कैडेट रहे हैं और उनका झुकाव भी सैन्य सेवा की ओर था। लेकिन आपातकाल के दौरान जेल गये और फिर सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर गये। एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी से जुड़कर अनुशासन, नेतृत्व, देशभक्ति और सेवा-भाव जैसे मूल्य विकसित होते हैं, जो जीवन भर मार्गदर्शन करते हैं। एनसीसी वास्तव में राष्ट्र प्रथम की भावना को व्यवहार में उतारने का सशक्त माध्यम है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि इस अभियान में सहभागी सभी कैडेट्स वीर बिरसा मुंडा के आदर्शों यथा साहस, आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय और राष्ट्रभक्ति को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे तथा झारखण्ड और एनसीसी की गरिमा को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने सभी कैडेट्स को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उक्त अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

राज्यपाल ने बिरसा मुंडा संग्रहालय पहुँचने पर वहाँ स्थापित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–102/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.01.2026 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 05.01.2026 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.01.2026 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of LDC Quarter No. 12 (First Floor) in Campus of RCH Namkum Ranchi | 1234900 | 24700 | 2500 | One Month |
| 2 | Renovation of Boundary Wall at Sadar Hospital, Ranchi | 2459700 | 49200 | 5000 | Two Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 369525 Building(25-26)#D



# कम पूंजी में भी शुरू किया जा सकता है मोमबत्ती उत्पादन

मोमबत्ती उत्पादन एक क्रिएटिव काम है। एक अच्छा आर्टिस्ट अच्छा मोमबत्ती उत्पादक बन सकता है। मोमबत्ती उत्पादन में डिजाइन के साथ कलर कॉम्बिनेशन की समझ होना जरूरी है, पर इसकी मैन्युफैक्चरिंग को समझने के लिए ट्रेनिंग लेना जरूरी है। यह एक ऐसा घरेलू उद्योग है, जिसे कम पूंजी में भी शुरू किया जा सकता है।

## कच्चा माल

आपको इस उद्योग को करने के लिए दो चीजों की आवश्यकता होती है जिन्हें हम कच्चा माल कहते हैं। पहली चीज है सूत और दूसरी चीज है मोम। सूत तो आपको कहीं भी मिल जायेगा और मोम आपको रिफायनरी से प्राप्त हो जायेगा। आप इन दोनों चीजों की सहायता से मोमबत्ती बनाने का काम कर सकते हैं। इसके अलावा जैल मोमबत्ती बनाने के लिए जैल, खुशबूदार मोमबत्ती के लिए कुछ खास तरह के परफ्यूम और इन्हें सजाने के लिए पत्थर, मोती, सितारे और थ्रेड, वैक्स पिघलाने के लिए बड़े बर्तन और चूल्हा और मोमबत्ती को विभिन्न आकारों में ढालने के लिए सांचों की जरूरत होती है।

## प्रशिक्षण

मोमबत्ती उत्पादन (केंडल मेकिंग) में डिप्लोमा तीन महीने से एक साल की अवधि का होता है। प्रशिक्षण के दौरान मोम बनाना, ढांचे का चयन, लौह शीट में धागा डाल कर मोम ढालने का तरीका सिखाया जाता है। इसी कोर्स में डिजाइनर मोमबत्तियां बनानी सिखाई जाती हैं। इसमें मोमबत्ती निर्माण की कला का प्रशिक्षण दिया जाता है। सरकार की तरफ से व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत उद्यमियों को विभिन्न उद्योगों में सशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## मोमबत्ती बनाने के बाद

मोमबत्ती बनाने के बाद आप अपने निकट बाजार में दुकानों से संपर्क बनाइए और कुछ सस्ते में अपना माल, इन लोगों तक पहुंचाने का काम करें। मोमबत्ती बनाने का काम जितना आसान है उतना ही आसान इनको बेचना भी है। आप सिर्फ मोमबत्ती लेकर भी पास की बाजार में बैठ सकते हैं और लोगों को मोमबत्ती बेचकर धन कमा सकते हैं। या फिर सायकिल के द्वारा किसी व्यक्ति से गली-गली में बेच सकते हैं।

## शुरुआती खर्च

मोमबत्ती उद्योग कुटीर उद्योग है, इसलिए इसे कम पूंजी में भी शुरू किया जा सकता है। आप दस हजार से एक लाख रुपये तक की पूंजी में इस व्यवसाय को शुरू कर सकते हैं।

## सरकारी मदद

मोमबत्ती उत्पादन लघु उद्योग की श्रेणी में आता है। केंद्र और राज्य सरकारों का खादी ग्रामोद्योग इसे बढ़ावा देने के लिए नए-नए प्रोत्साहन और प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाती रहता है। एक सर्वे के अनुसार भारत में मोमबत्ती का बाजार लगभग 8 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। नए उद्यमियों को सरकार हर तरह की सहायता देती है। महिलाओं, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति वर्ग से जुड़े लोगों को ऋण में 30 प्रतिशत तक छूट भी मिलती है।



# लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट से करें करियर की ब्रांडिंग

**ब्रांड मैनेजमेंट एक चुनौतीपूर्ण करियर फील्ड है, जिसमें रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। अगर आपके अंदर सौंदर्यबोध है तो लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट आपके लिए अच्छा करियर हो सकता है। भारत में जिस तरह से दिनोंदिन लग्जरी मार्केट विकसित हो रहा है, उसे देखते हुए इस क्षेत्र में प्रशिक्षित रिटेल और सर्विस के प्रोफेशनल्स के लिए मौके ही मौके हैं।**

आज का समय ऐसा है कि 'जो दिखता है, वही बिकता है'। ऐसे में सभी छोटी-बड़ी कंपनियां अपने प्रोडक्ट को आगे बढ़ाने की जुगत में लगी हैं। जम कर ब्रांडिंग कर रही हैं और इन कामों को बखूबी अंजाम देने का काम कर रहे हैं कंपनी के ब्रांड मैनेजर और ब्रांड मैनेजमेंट टीम। ब्रांडिंग के बढ़ते इस्तेमाल ने ब्रांड मैनेजमेंट को युवाओं के लिए एक बेहतर करियर विकल्प के रूप में उभारा है। इन्ही में से एक हैं पीजी डिप्लोमा इन लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट का कोर्स जिसे करने के बाद आपके लिए करियर के रास्ते खुल जाते हैं।

## कोर्स का विवरण

पीजी डिप्लोमा इन लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट 16 महीनो का कोर्स है जो अभी-अभी ग्रेजुएट हुए स्टूडेंट्स और किसी भी फील्ड में काम कर चुके प्रोफेशनल्स, लग्जरी की फील्ड में अपने करियर को एक बेहतर रूप देना चाहते हैं उनके लिए है। इस कोर्स के दौरान 10 महीनो का एकेडमिक सेशन होता है, जिसमे एकेडमिक्स के साथ-साथ जॉब ट्रेनिंग भी दी जाती है। एकेडमिक सेशन के बाद स्टूडेंट्स को 6 महीनो की इंडस्ट्री में इंटर्नशिप प्रदान कराई जाती है।

## योग्यता

इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र-छात्राओं का ग्रेजुएट होना जरुरी है। साथ ही स्टूडेंट की लग्जरी और मैनेजमेंट में दिलचस्पी भी होनी बेहद जरुरी होती है। इसके अलावा वो छात्र-छात्राएं जिनकी पर्सनालिटी और कम्यूहनिकेशन स्किल्स अच्छी है और अंग्रेजी में अच्छी पकड़ है, वो इस क्षेत्र में एक सफल तौर पर अपना करियर बना सकते हैं। कोई एक विदेशी भाषा की जानकारी लाभदायक साबित हो सकती है पर यह अनिवार्य नहीं है।

## अवसर

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स लग्जरी सेल्स एडवाइजर, विजुअल मर्चेंडाइजर, लग्जरी इवेंट प्लानर, ब्रांड हेड, ब्रांड मैनेजर बन सकते हैं। फैशन और लग्जरी कंसल्टेंट या वार्डरोब मैनेजर के तौर पर भी काम पा सकते हैं ऐसा कहना है एलसीबीएस के फाउंडर एवं सीईओ अभय गुप्ता का।

## कुछ हटकर

रिटेल में लग्जरी सेक्टर 20 फीसदी सालाना की दर से आगे बढ़ रही है। यह तेजी पिछले कई सालों से जारी है। 2028 तक इस क्षेत्र में लगभग 28 लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। ऑटोमोबाइल्सल, ज्वैलर्स, घडियां, रियल एस्टेटट, वाइन, ट्रैवल एंड टूरिज्म में नए अवसर रोजगार के लिए वरदान साबित होगा। अभी इसमें सबसे बड़ी समस्या कुशल लोगों की है क्योंाकि लग्जरी ब्रांड की सर्विस का अंदाज अलग होता है।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट

एलसीबीएस के डायरेक्टर के मुताबिक, पोस्टस ग्रेजुएट डिप्लोएमा इन लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट अपनी तरह का अनूठा और बिलकुल नया कोर्स है, रिटेल की जरूरतें बढ़ रही हैं लेकिन इसमें कुशल लोगों की बेहद कमी है। यह एक शानदार रोजगार का क्षेत्र है जहां संभावनाओं की कमी नहीं है। मौजूदा विश्व परिवेश को देखकर पता चलता है कि आने वाले समय में इस सेक्टर में असीम रोजगार की संभावनाएं हैं। यह उन युवाओं के लिए एक सफल लांचिंग पैड है जिन्होंने अब तक कुछ न कुछ मिस कर दिया है।

## वेतन

इस कोर्स के पूरा होने के बाद कॉलेज स्टूडेंट्स को अलग-अलग कंपनीयों में इंटर्नशिप के लिए भेजा जाता है जिसमें बतौर स्टाइपेंड 15 से 25 हजार रुपए मिलते हैं, कोर्स पूरा करते ही अगर आप जॉब के लिए जाते हैं तो शुरुआती सैलरी प्रति माह 40,000 रु. से 50,000 रु. के बीच हो सकता है। तजुर्बे के साथ-साथ सैलरी में इजाफा होता रहता है। इन नौकरियों में वेतन के अलावा कई तरह के इन्सेंटिव और अन्य सुविधाएं भी शामिल हो सकती हैं।

### प्रमुख संस्थान

- इंडियन रिटेल स्कूहल, नई दिल्ली
- लग्जरी कनेक्ट बिजनेस स्कूईल, गुडगांव, हरियाणा
- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड स्टनडीज, मुंबई
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, पुणे
- बिमटेक, ग्रेटर नोएडा, उत्तरप्रदेश
- जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऐंड रिसर्च ऐंड इंटरप्रेन्योरशिप, बेंगलुरु, कर्नाटक






# कस्टमर केयर जॉब की कमी नहीं

कस्टमर को समझना और उसकी डिमांड का रिस्पेक्ट कर उसे उत्पाद बेचना इतना आसान काम नहीं है। इसके लिए धैर्य और लगन की जरूरत होती है, साथ ही लगातार आगे बढ़ने के जज्बे की भी जरूरत होती है। वर्तमान में सेवा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी कस्टमर केयर का काफी ख्याल रखा जाता है। कस्टमर को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो और उनकी उत्पाद के बारे में क्या राय है आदि के बारे में काफी ध्यान रखा जाता है। इसके अलावा कंपनियाँ लगातार अपने उत्पादों में सुधार करने के लिए ग्राहकों से ही सर्वे के माध्यम से यह जानना चाहती है कि ग्राहक उत्पादों में क्या बदलाव चाहता है। इन सभी के लिए कस्टमर केयर के विशेषज्ञ की जरूरत होती है।

## कस्टमर का रखा जाता है पूरा ध्यान

कस्टमर केयर अब केवल निजी क्षेत्र में नहीं, बल्कि सरकारी क्षेत्र में भी कस्टमर केयर का काफी ख्याल रखा जाता है। कई सरकारी संस्थान अपने यहाँ पर कस्टमर केयर अधिकारी की नियुक्ति करने लगे हैं, जो समय समय पर ग्राहकों से न केवल बातचीत करते हैं, बल्कि सर्वे आदि भी करते हैं। इन सर्वे के माध्यमों से वे अपनी संस्थानों को यह भी बताते हैं कि कहाँ पर गलती हो रही है और ग्राहकों को क्या पसंद है। विदेशी कंपनियाँ अपने साथ यह कल्चर लाई है, पर ऐसा भी नहीं है कि इसके पहले देश में कस्टमर केयर की बातें नहीं होती थीं।

## इसमें है कई विकल्प

विदेशी कंपनियाँ अपने कस्टमर केयर अधिकारी को किसी भी तरह की समस्या आने पर समस्या को सुलझाने के बाद कस्टमर केयर अधिकारी को उस व्यक्ति के घर पर भेजती है और अधिकारी संपूर्ण बातचीत करने के बाद इस बात का निष्कर्ष निकालता है कि आखिर समस्या कहाँ पर है! कुल मिलाकर कस्टमर केयर का क्षेत्र काफी बड़ा है और इसमें कई तरह के विकल्प युवाओं के लिए मौजूद हैं। सर्विस सेक्टर में कस्टमर केयर को सबसे ज्यादा तरजीह दी जाती है। सर्विस सेक्टर काफी तेजी से बढ़ रहा है और इसमें कई कंपनियाँ अपने उपभोक्ताओं के बीच इस कारण प्रसिद्ध हैं, क्योंकि उनका कस्टमर केयर काफी अच्छा है।

## बहुभाषी को है फायदा

बेहतरीन कम्युनिकेशन स्कील्ज और आकर्षक व्यक्तित्व होना पहली जरूरत होती है। अगर आप बहुभाषी हैं तो एयरलाइंस से लेकर पर्यटन के क्षेत्र में आपको काफी महत्व मिल सकता है। इस क्षेत्र में युवा साथी को समाधान खोजी और पहल करने वाला होना चाहिए। ग्राहक को यह लगना चाहिए कि हमारी बात सुनी जा रही है। उत्साह से लबरेज कस्टमर केयर अधिकारी अपनी शालीनता और बोलचाल के माध्यम से कस्टमर को संतोषजनक जवाब दे सकता है। इतना ही नहीं, उन्हें यह भी लगना चाहिए कि आप उनके हित की बात कर रहे हैं।

## केवल कॉल सेंटर ही नहीं है कस्टमर केयर

कस्टमर केयर का मतलब केवल कॉल सेंटर से नहीं, बल्कि इसमें कई स्तर है, जिसमें आपको ग्राहकों से न केवल संवाद स्थापित करना है, बल्कि उनकी समस्याओं को सुनकर उचित मार्गदर्शन देकर समस्या को हल भी करना है। ग्राहक सेवा का पर्यटन से लेकर बैंकिंग क्षेत्र में ध्यान रखना पड़ता है। यह धैर्य और समझदारी भरा काम होता है, जिसमें ग्राहक की बातों को ध्यानपूर्वक सुनना शामिल है।



# भाग्य से नहीं, परिश्रम से मिलती है सफलता

**हम कभी यह न मानें कि कुछ लोग भाग्यशाली होते हैं इसलिए उन्हें सफलता मिलती है। सफलता तो लगातार परिश्रम का परिणाम है। बूंद-बूंद पानी से घड़ा भर जाता है और ग्लेशियरों से बर्फ पिघलकर बूंद-बूंद पानी इकट्ठा होकर बहने से विशाल नदियां प्रवाहमान हो उठती हैं।**

प्राय- सफलता हमारे बहुत निकट होती है, लेकिन उसको देखने में चूक हो जाने के कारण ही हम असफल हो जाते हैं एक बार एक व्यक्ति ने जल्दी धनवान बनने के इरादे से एक ऐसी जमीन का टुकड़ा खरीदा, जिसमें हीरों के भंडार होने की पूरी संभावना थी। जमीन खरीदने के बाद उसने वहां पर खुदाई का काम प्रारंभ कर दिया। वह महीनों तक दिन-रात खुदाई के काम में लगा रहा, लेकिन उसे कहीं भी हीरों का नामो-निशान नहीं दिखलाई पड़ा। वह निराश हो गया और उसने फैसला किया कि वह यहां और अधिक समय व साधन नष्ट नहीं करेगा। उसने अपना काम समेटकर उस जमीन को कौडियों के दाम बेच दिया और अन्यत्र हीरे की खानों की खोज के लिए निकल पड़ा। वह जमीन खरीदता और उसमें खुदाई करवाता लेकिन हीरे न मिलने पर उस जमीन को सस्ते-मंदे में बेचकर आगे का रास्ता लेता। उसने कहां-कहां नहीं अपने भाग्य को आजमाया, लेकिन वह जहां भी गया असफलता ही उसके हाथ लगी और अंत में एक दिन समुद्र में डूबकर मर गया। इस दौरान जिस व्यक्ति ने उसकी पहली जमीन खरीदी थी, उसने जहां पर पहले वाले व्यक्ति ने खुदाई छोड़ी थी वहीं से दोबारा खुदाई प्रारंभ करवा दी। उसे जल्दी ही काफी बड़े भाग में हीरों वाली सतह मिल गई।

प्रश्न उठता है कि पहले वाले व्यक्ति को काफी दिनों तक लगातार खुदाई करने के बावजूद हीरों वाली सतह क्यों नहीं मिली जबकि बाद वाले व्यक्ति को जल्दी ही हीरों वाली सतह मिल गई। उत्तर स्पष्ट है कि पहले वाले व्यक्ति ने निराश होकर जमीन की खुदाई करना बंद कर दिया था जबकि हीरों की सतह उस जगह से केवल तीन इंच नीचे उपस्थित थी। ऐसा कोई संकेत भी नहीं था कि अब हीरे नहीं मिलेंगे इसलिए खुदाई बंद करने का कोई औचित्य भी नहीं था। अगर वह काम करना बंद नहीं करता, तो उसे बहुत जल्दी ही हीरों की सतह मिल जाती और उसे पूरी दुनिया में भटकना व समुद्र में डूबकर मरना नहीं पड़ता। जहां तक दूसरे व्यक्ति की सफलता का प्रश्न है वह एक समझदार व्यक्ति था और समझदार व्यक्ति के लिए यह अनुमान लगाना कठिन नहीं था कि अब तक की खुदाई में हीरों की सतह नहीं मिल पाई है तो थोड़ा और खोदने पर वह जरूर मिल जाएगी। हीरे तो इसी जमीन में हैं अत- उसने जहां पर पहले वाले व्यक्ति ने खुदाई छोड़ दी थी, वहीं से दोबारा खुदाई प्रारंभ करवा दी और उसे जल्दी ही काफी बड़े भाग में हीरों वाली सतह मिल गई। पहले व्यक्ति ने अपने अविश्वास व निराशा के कारण कार्य करना छोड़ दिया। उसने जिस बिंदु पर कार्य करना छोड़ा वहां सफलता उसके एकदम करीब थी। यदि वह थोड़ा सा और प्रयास करता तो उसका जीवन ही बदल जाता। हमारे साथ भी तो प्राय- ऐसा ही होता है। हम कार्य करते-करते एकदम ऊब उठते हैं और कह देते हैं कि बस अब और नहीं। हम प्राय- उस समय हथियार डाल देते हैं जब सफलता हमारे बहुत करीब होती है। अब इस स्थिति से बचने का क्या उपाय है?

जब तक पूर्ण रूप से सफलता नहीं मिल जाती, तब तक न तो प्रयास करना ही छोड़ें और न विश्वास ही कमजोर पड़ने दें। जीवन का कोई भी क्षेत्र क्यों न हो, हमें अपने संघर्ष को बीच में कदापि नहीं छोड़ना चाहिए। हम निरंतर प्रयास करते रहें इसके लिए हमें अपने अंदर धैर्य विकसित करने का प्रयास करते रहना चाहिए। बस अब और नहीं कहना है तो अपने अविश्वास, भाग्यवादिता, अकर्मण्यता व अपने कमजोर इरादों को कहिए कि बस अब और नहीं। निरंतर अभ्यास करने से न जाने कितने जड़मति व्यक्ति महान विद्वान बन गए। एक तथ्य और बहुत महत्त्वपूर्ण है और वह यह कि यदि दुनिया में कोई भी व्यक्ति सफल हो सकता है तो हम भी हो सकते हैं। हम इस विश्वास के साथ कार्य करें कि हमें भी अवश्य ही सफलता मिलेगी। कई बार सफलता मिलने में जो थोड़ी सी देर या तीन इंच की दूरी होती है उसी को पार करने पर ही सफलता मिल सकती है अत- घबराकर या निराश होकर काम बीच में छोड़कर भागने से पहले इस तथ्य पर विचार अवश्य कर लें कि कहीं मैं उसी बिंदु पर तो नहीं हूं, जहां अगले ही कदम पर सफलता स्वागत करने को तैयार बैठी है। यही वास्तविकता है अत- छोड़ने से पहले एक अंतिम प्रयास अवश्य करें। यह अंतिम प्रयास तब तक करते रहें जब तक पूर्ण सफलता नहीं मिल जाती। हम कभी यह न मानें कि कुछ लोग भाग्यशाली होते हैं इसलिए उन्हें सफलता मिलती है। सफलता तो परिश्रम व लगातार परिश्रम का परिणाम है। बूंद-बूंद पानी से घड़ा भर जाता है और ग्लेशियरों से बर्फ पिघलकर बूंद-बूंद पानी इकट्ठा होकर बहने से विशाल नदियां प्रवाहमान हो उठती हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का हुआ देवघर आगमन





देवघर: शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया।

# उपायुक्त ने किया अनुमंडल पुस्तकालय व मंडल कारा का निरीक्षण, दिया दिशा- निर्देश

**संवाददाता**



साहिबगंजः जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल परिसर स्थित मास्टर सोबरन मांझी अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पुस्तकालय की समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहां उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पुस्तकालय में वाई-फाई सुविधा मेन्स टॉयलेट फ्लोर मैट इंजीनियरिंग विषयक पुस्तकों की उपलब्धता आरओ वाटर प्यूरीफायर विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था व साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं आवश्यकताओं को सुना उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि पुस्तकालय में आवश्यक संसाधनों की कमी को शीघ्र दूर किया जाएगा। ताकि विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बेहतर एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा मंडल कारा साहिबगंज का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुलाकाती रजिस्टर, सीसीटीवी फुटेज कैदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता बैरकों की स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने कारा प्रशासन को आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ एवं मानवीय बनाने पर विशेष बल दिया। साथ ही उपायुक्त ने मंडल कारा परिसर में नव अधिष्ठापित ओपन जिम का उद्घाटन किया।निरीक्षण के अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय गाइड शिविर का हुआ समापन

# यह प्रशिक्षण बच्चों में राष्ट्र प्रेम व समाजसेवा का भाव जागृत करता है: मुख्य जिला आयुक्त

**संवाददाता**



**दुमकाः** जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार के निर्देशानुसार एवं भारत स्काउट एवं गाइड दुमका द्वारा संचालित श्रीरामकृष्ण आश्रम उच्च विद्यालय, दुमका में चलने वाला पाँच दिवसीय गाइड शिविर का समापन शनिवार को हो गया। शिविर के अन्तिम दिन मुख्य अतिथि मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी,विशिष्ट अतिथि प्रभारी प्राचार्य अशोक कुमार यादव, बब्बन कुमार,जय किशोर मंडल एवं शंभूनाथ मिश्रा द्वारा गाइड शिविर एवं गाइडों द्वारा बनाए गए पयोनियरिंग प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया गया। शिविर में उपस्थित गाइड्स को सम्बोधित करते हुए मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में राष्ट्र प्रेम एवं समाजसेवा का भाव जागृत कर उनको एक सशक्त नागरिक बनाता है। श्री हरिश्चंद्र ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स स्काउटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्काउटिंग के नियमों एवं सिद्धान्तों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाए। विशिष्ट अतिथि प्रभारी प्राचार्य अशोक कुमार यादव ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक शक्ति का विकास कर उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। सम्मानित अतिथि बब्बन कुमार ने कहा कि भारत स्काउट गाइड का प्लेटफार्म कठिन समय मे भी उत्साहपूर्वक जीवन जीने का कला सिखाता है। सम्मानित अतिथि जय किशोर मण्डल ने कहा कि स्काउट एवं गाइड के शिविर में भाग लेकर बच्चे काफी सशक्त हो जाते हैं। शम्भूनाथ मिश्रा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह का शिविर लगना चाहिए। जिला सचिव सह शिविर प्रधान विजय कुमार दूबे ने कहा कि सभी के सहयोग से शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया।भारत स्काउट एवं गाइड दुमका संस्था

# जनता दरबार के माध्यम से अपर समाहर्ता ने किया ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान

**संवाददाता**



**देवघरः** जिले के अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही अपर समाहर्ता श्री कुमार के द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात अपर समाहर्ता श्री कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके। जनता दरबार में जिला प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग ओम प्रियदर्शी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# पीड़ित परिवार अपने जमीनों के मामले को लेकर पहुंचा थाना



**संवाददाता**

**साहिबगंजः**जिरवाबाडी थाना प्रभारी के कार्यालय में जमीनी विवाद के निपटारा के लिए थाना दिवस का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता सीओ बासुकीनाथ टुडू ने किया।थाना दिवस में विभिन्न क्षेत्रों से आधा दर्जन पीड़ित परिवार अपने जमीन के मामले को लेकर पहुंचे । जहां थाना प्रभारी शशि सिंह के मौजूदगी में पक्ष विपक्ष का आवेदन और जरूरी कागजात की अवलोकन किया गया। जिसमें एक मामले का दोनों पक्षों की राजा मंदी से जमीनी विवाद के मामले का निपटारा किया गया ।थाना प्रभारी ने बताया कि लगभग आधा दर्जन फरियादी थाना दिवस में आए थे। पक्ष विपक्ष की बात निष्पक्ष सुनकर मामले का निपटारा किया गया। जिसमें एक मामला का निपटारा किया गया है बाकी सभी को अगले थाना दिवस में बुलाया गया हैं।

### सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, कहा-

# संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं और चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ मरीजों को उपलब्ध

**संवाददाता**



**साहिबगंजः**जिले के सिविल सर्जन डॉ.रामदेव पासवान सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में स्थित जन औषधि केंद्र का भी जायजा लिया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण क्रम में सिविल सर्जन ने ओपीडी में कार्यरत चिकित्सकों इलाज कराने पहुंचे मरीजों और भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उनके स्वास्थ्य व मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ.रामदेव पासवान ने बताया कि सदर अस्पताल में सरकार द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं व चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ मरीजों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेवा को पुनःचालू कर दिया गया है।जिससे मरीजों को जल्द ही इसका सीधा लाभ मिलेगा।औचक निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन के अस्पताल पहुंचने से मरीजों और उनके परिजनों में खुशी और भरोसे का माहौल देखने को मिला।वहीं उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जन औषधि केंद्र से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। ताकि आम मरीजों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां समय पर मिल सकें।

# ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**संवाददाता**



**दुमकाः** शनिवार को एसपी. कॉलेज रोड, दुमका में उफ्ठ रांची एवं जिला प्रशासन, दुमका के संयुक्त सहयोग से ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में डीडीआरसी 11 एवं ब्लाइंड स्कूल 11 की टीमों के बीच मुकाबला खेला गया। डीडीआरसी 11 के कप्तान संजीव कुमार मोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। डीडीआरसी 11 की टीम ने निर्धारित ओवरों में 3 विकेट खोकर 108 रन बनाए, जिसमें कप्तान संजीव कुमार मोहली ने सर्वाधिक 30 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्लाइंड स्कूल 11 की टीम 8 विकेट खोकर 61 रन ही बना सकी। मैच में सर्वाधिक 6 विकेट लेने का शानदार प्रदर्शन दिनेश मुर्मू ने किया। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में बिरसा दिव्यांग समिति तथा ब्लाइंड स्कूल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। यह आयोजन दिव्यांगजनों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जरूरतमंदों के बीच नगर परिषद ने किया कंबल वितरण



**साहिबगंजः**जिले में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर परिषद की ओर से जरूरतमंदों के लिए राहत कार्य जारी है। इसी कड़ी में साहिबगंज नगर प्रशासक एवं कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने नगर परिषद कार्यालय परिसर में सभी वार्डों के निर्धन असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।कंबल वितरण के दौरान लाभुकों ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि इस वर्ष ठंड पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है।ऐसे में झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल की गुणवत्ता बेहतर और काफी गर्म है।जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल रही है।इस अवसर पर नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि ठंड को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से वृद्ध,निर्धन और जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है।उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था भी की गई है,ताकि राहगीरों और बेघर लोगों को ठंड से बचाया जा सके।उन्होंने आगे बताया कि आम जरूरतमंद एवं निर्धन लोगों के लिए साहिबगंज स्टेडियम के समीप आश्रय गृह का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है,जहां ठहरने के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।नगर परिषद की इस पहल से शहर के जरूरतमंदों को ठंड के मौसम में बड़ी राहत मिल रही है और प्रशासन की संवेदनशीलता की सराहना की जा रही है।

### देर शाम मुफस्सिल थाना पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**साहिबगंजः**मुफस्सिल थाना पुलिस ने मुफस्सिल थाना के सामने मुख्य सड़क पर शनिवार की देर संध्या सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर मुफस्सिल थाना के सहायक अवर निरीक्षक चंचल कुमार सिंह के नेतृत्व में दो पहिया तीन पहिया एवं चार पहिया का सघन जांच किया गया।जांच के दौरान चार पहिया वाहनों और दो पहिया वाहनों का डिक्की हेलमेट एवं आवश्यक कागजात की जांच की गई। मौके पर मुफ्फसिल थाना पुलिस बल तैनात थे।

### ससुराल वाले जहर देकर मुझे मारने का प्रयास कर चुके हैं : पीड़िता

**ससुराल वालों ने मिलकर महिला को बेहरहमी से मारपीट**



साहिबगंजःमुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहित महिला को ससुराल वालों ने मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार संजीदा खातून 24 पति मो. मोकर्रम,साकिन लालबधानी,रामपुर, की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि मेरे पति मो मोकर्रम, दिनांक 26 की सुबह 5 बजे घर के आंगन में मारपीट करने लगा पति का कहना था कि मौजा बहन का लड़का का हाथ का दस्ताना तुम रख लि हो इसी बहाने से मेरे पति मो.मोकर्रम सास बीवी फरीदा खातून ससुर मो.हनीफ,ननद नगमा खातून, देवर अबुकलाम ये सभी लोग मिलकर पीड़िता महिला के साथ बहुत बेहरहमी से मारपीट किया।जिसमें पीड़िता महिला बुरी तरह जख्मी हो गई।जहां पीड़िता महिला का सदर अस्पताल साहिबगंज में इलाज चल रहा है।आगे पीड़िता महिला ने बताई की मो. मोफजुल,पिता अब्दुल वहाव अपने साला मोकर्रम एवं ससुर हनीफ को बहकाता रहता है और पीड़िता महिला के साथ गाली गलौज भी करता रहता है।इससे पहले भी पीड़िता महिला को ससुराल पक्ष वालों ने जहर देकर मारने का प्रयास कर चुका है। जिसके कारण मुफ्फसिल थाना से बॉन्ड भी बनाया गया था कि अब कभी ऐसी कोई घटना नहीं करेंगे।वहीं पीड़िता महिला ने मुफस्सिल थाना प्रभारी को लिखत आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की न्याय की गुहार लगाई है।

### कांड का उद्भेदन करते हुए प्रीतम गिरफ्तार



**साहिबगंजः**मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज निवासी प्रीतम कुमार उर्फ ढोलन उर्फ अभिषेक यादव को मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने बताया कि पूर्व थाना प्रभारी के साथ ग्रामीणों द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया था जिस पर कई लोगों पर मामला दर्ज किया गया था। इस कांड का उद्भेदन करते हुए प्रीतम को गिरफ्तार किया गया है पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया ।

सामंथा से लेकर अदिति तक

# तलाक के बाद इन कलाकारों को दोबारा हुआ प्यार

बॉलीवुड के कई मशहूर कलाकार ऐसे हैं जिनकी पहले शादी हुई, फिर उनका तलाक हुआ। तलाक के बाद वह टूटे नहीं। वह करियर में आगे बढ़े उन्होंने अपने आपको मौका दिया और उन्हें दोबारा प्यार हुआ। अब यह कलाकार या तो शादीशुदा हैं या फिर किसी के साथ रिश्ते में हैं। आज हम उन्हीं कलाकारों के बारे में बात करेंगे।

## सामंथा रुथ प्रभु



सामंथा रुथ प्रभु ने नागा चैतन्या से साल 2017 में शादी की थी। दोनों का साल 2021 में तलाक हो गया। पति से अलग होने के बाद सामंथा टूटी नहीं। उन्होंने अपनी जिंदगी को संभाला और तरक्की की। साल 2025 में उन्हें दोबारा प्यार हुआ। उन्होंने राज निदिमोरू से शादी की। उनका सफर उन लोगों के लिए सबक है, जो ब्रेकअप के बाद टूट जाते हैं।

## अदिति राव हैदरी



साल 2009 में अदिति राव हैदरी ने सत्यदीप मिश्रा से शादी की। चार साल के बाद दोनों का तलाक हो गया और वे अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए। अदिति को दोबारा सिद्धार्थ से प्यार हुआ। यह उनकी नई शुरुआत थी। साल 2024 में दोनों ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की। अब दोनों खुशी-खुशी अपनी जिंदगी बिता रहे हैं।

## दीया मिर्जा



दीया मिर्जा ने 2014 में साहिल सागा से शादी की थी लेकिन साल 2019 में दोनों अलग हो गए। तलाक के बाद दीया मिर्जा को दोबारा प्यार हुआ। उन्होंने कारोबारी वैभव रेखी से 2021 में शादी की। इसी साल उनको एक बच्चा भी हुआ, जिसका नाम अवयान आजाद रेखी है। दीया शादीशुदा जिंदगी बिता रही हैं और काम भी करती हैं।

## ऋतिक रोशन



ऋतिक रोशन ने साल 2000 में सुजैन खान के साथ शादी की थी। साल 2014 में दोनों अलग हो गए। दोनों अपने बच्चों की परवरिश कर रहे हैं। तलाक के बाद ऋतिक रोशन ने सबा आजाद को डेट करना शुरू किया। सुजैन भी अपनी जिंदगी में आगे बढ़ रही हैं। ऋतिक और सुजैन अब भी एक दूसरे का सम्मान करते हैं।

## सैफ अली खान



सैफ अली खान ने साल 1991 में अमृता सिंह से शादी की थी। उनके दो बच्चे हैं, जिनके नाम इब्राहिम अली खान और सारा अली खान है। सैफ और अमृता 2004 में अलग हो गए। सैफ को दोबारा प्यार मिला। उन्होंने 2012 में करीना कपूर के साथ शादी की। उनके दो बच्चे हैं, तैमूर और जेह। सैफ-करीना बॉलीवुड के पावर कपल कहलाते हैं।

## फरहान अख्तर



फरहान अख्तर ने साल 2000 में पहले हेयर स्टाइलिस्ट अधुना भबानी से शादी की थी। दोनों के दो बच्चे हैं। शादी के कई वर्षों के बाद दोनों साल 2016 में एक दूसरे से अलग हो गए। फरहान को दोबारा अभिनेत्री शिबानी दांडेकर से प्यार हुआ। दोनों ने साल 2022 में शादी कर ली।

# भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान: दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सूर्यवंशी कप्तान, विश्व कप में आयुष म्हात्रे संभालेंगे कमान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** जूनियर क्रिकेट समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय अंडर-19 टीमों की घोषणा कर दी है। अंडर-19 विश्व कप 15 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। विश्व कप के लिए आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम का कप्तान जबकि विहान मल्होत्रा को उपकप्तान बनाया गया है। हालांकि, कलाई में चोट के कारण ये दोनों खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका दौरे में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार, दोनों को आगे के इलाज और निगरानी के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करना होगा और वे विश्व कप से पहले टीम से जुड़ेंगे। दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए वैभव सूर्यवंशी को कप्तानी सौंपी गई है, जबकि एरॉन जॉर्ज उपकप्तान होंगे। यह दौरा 03 से 07 जनवरी तक बेनोनी के विलोमूर पार्क में खेला जाएगा, जहां भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन एकदिवसीय मुकाबले होंगे। आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 में 16 टीमें चार ग्रुप में बंटी होंगी। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम को ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और अमेरिका के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 15 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ करेगा। दक्षिण अफ्रीका दौरा युवा खिलाड़ियों के लिए विश्व कप से पहले खुद को परखने का अहम मौका माना जा रहा है, जबकि विश्व कप में भारत एक बार फिर खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा।




## भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान: दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सूर्यवंशी कप्तान, विश्व कप में आयुष म्हात्रे संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली :** जूनियर क्रिकेट समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय अंडर-19 टीमों की घोषणा कर दी है। अंडर-19 विश्व कप 15 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। विश्व कप के लिए आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम का कप्तान जबकि विहान मल्होत्रा को उपकप्तान बनाया गया है। हालांकि, कलाई में चोट के कारण ये दोनों खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका दौरे में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार, दोनों को आगे के इलाज और निगरानी के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करना होगा और वे विश्व कप से पहले टीम से जुड़ेंगे। दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए वैभव सूर्यवंशी को कप्तानी सौंपी गई है, जबकि एरॉन जॉर्ज उपकप्तान होंगे। यह दौरा 03 से 07 जनवरी तक बेनोनी के विलोमूर पार्क में खेला जाएगा, जहां भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन एकदिवसीय मुकाबले होंगे।

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री मशहूर कपल्स में से एक, अभिनेता किम वू-बिन और शिन मिन-आ ने दस साल के रिलेशनशिप के बाद शादी रचा ली है। दोनों ने शनिवार दोपहर सियोल के शिला होटल में एक निजी शादी समारोह में एक-दूजे का हाथ थामा। दोनों की शादी में सिर्फ परिवार के लोग, रिश्तेदार और करीबी दोस्त शामिल हुए। किम के पुराने दोस्त एक्टर ली क्वांग-सू ने सेरेमनी को होस्ट किया। बीते महीने, उनकी एजेंसी एएम एंटरटेनमेंट ने एक ऑफिशियल बयान में शादी का एलान किया था, जिसमें कहा गया कि कपल ने कई वर्षों तक साथ रहने के बाद जिंदगी में आगे बढ़ने का फैसला लिया है। रिलेशनशिप के दौरान बने गहरे लगाव और भरोसे के आधार पर दोनों ने पार्टनर के रूप में जिंदगी को साथ बिताने का फैसला लिया है। उन्होंने लोगों से दुआओं की अपील भी की थी।

### किम ने फैंस से कहा, 'हमारा साथ देंगे तो सफर और भी खूबसूरत होगा'

किम ने उसी दौरान अपने फैन कैफे के जरिए फैंस के साथ हाथ से लिखे खत भी शेयर किए। उन्होंने लिखा, 'मैं शादी कर रहा हूं। जिस इंसान के साथ मैंने लंबा समय बिताया है, अब मैं उसके साथ एक परिवार बना रहा हूं और साथ मिलकर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा हूं'। उन्होंने आगे लिखा, 'अगर आप हमारा साथ देंगे तो मैं आभारी रहूंगा, ताकि हमारा सफर और भी खूबसूरत और प्यार से भरा हो'।

### साल 2015 में हुई थी पहली मुलाकात

इस कपल की उम्र में पांच साल का अंतर है। दोनों की पहली मुलाकात साल 2015 में एक कपड़ों के ब्रांड के लिए मॉडल के तौर पर काम करते हुए हुई थी। बाद में उनका रिश्ता प्यार में बदल गया। उन्होंने उसी साल जुलाई में अपने रिश्ते को कन्फर्म किया था। 10 वर्षों से दोनों एक-दूजे के साथ रिलेशनशिप में हैं। किम ने साल 2008 में एक मॉडल के तौर पर डेब्यू किया और 2011 में ड्रामा 'व्हाइट क्रिसमस' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की।

मल्लिका शेरावत ने व्हाइट हाउस में मनाया

# क्रिसमस का जश्न

**दिसंबर** का महीना आते ही दुनियाभर में क्रिसमस की रौनक छा जाती है। कड़कड़ाती ठंड के साथ-साथ उत्सव का नजारा हर जगह पर देखने को मिलता है। भारत में भी इसकी तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन विदेशों में तैयारी के साथ-साथ जश्न की शुरुआत हो चुकी है। ऐसा ही कुछ नजारा अमेरिका के व्हाइट हाउस में देखने को मिला।



दरअसल, हाल ही में व्हाइट हाउस में क्रिसमस पार्टी का आयोजन किया गया था। इसी उत्सव में बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने भी शिरकत की थी। अभिनेत्री ने इस खास अवसर की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं। तस्वीरों में वे व्हाइट हाउस की भव्य सजावट के बीच मुस्कराती दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, 'व्हाइट हाउस क्रिसमस डिनर के लिए आमंत्रित होना बिल्कुल अवास्तविक लगता है। मैं बहुत आभारी महसूस कर रही हूं।' अभिनेत्री की पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रही है। वे उनकी तारीफ कर रहे हैं। 25 दिसंबर को क्रिसमस फेस्टिवल मनाया जाता है। यह एक ईसाई त्योहार है, जो यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, और अब यह दुनिया भर में एक सांस्कृतिक उत्सव के तौर पर मनाया जाने लगा है। इस दिन लोग क्रिसमस ट्री सजाते हैं और उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं। अभिनेत्री भारतीय सिनेमा में अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने भारत समेत विदेशों में भी अपने अभिनय का परचम लहराया है। मल्लिका शेरावत ने ग्लोबल सुपरस्टार ब्रूनो मार्स के साथ म्यूजिक वीडियो में कैमियो रोल निभाया था। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म 'द मिथ', 'पॉलिटिक्स ऑफ लव', और 'टाइम रेडर्स' में भी काम कर विदेश में अभिनय का लोहा मनवाया है। अभिनेत्री राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आई थी। हालांकि, फिल्म रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई थी।

एक FLop के बाद 12 साल का ब्रेक

# फिर सोहेल खान को मिला सलमान का सहारा



**सोहेल** खान के करियर में एक ऐसा समय भी आया था जब एक फिल्म फ्लॉप होने के बाद उन्होंने डायरेक्शन की दुनिया से 12 साल का ब्रेक ले लिया था. फिर उन्हें उनके बड़े भाई सलमान का सहारा मिला. सलमान संग उनकी एक फिल्म आई थी, जिसने अच्छी कमाई की थी. जहां एक तरफ सलमान खान ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 1988 में आई फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' के जरिए की थी, तो वहीं दूसरी तरफ उनके छोटे भाई सोहेल ने भी फिल्मों में ही अपना करियर बनाया, लेकिन उन्होंने शुरुआत बतौर डायरेक्टर की थी. एक बार उनके डायरेक्शन में बनी एक फिल्म पिट गई थी, जिसके बाद वो बतौर एक्टर तो काम करते रहे थे, लेकिन डायरेक्शन की दुनिया से उन्होंने ब्रेक ले लिया था. ये ब्रेक 12 साल का था. वहीं फिर बड़े भाई सलमान को एक फिल्म में बतौर लीड हीरो लेकर उन्होंने डायरेक्टर के तौर पर कमबैक किया था. शनिवार को सोहेल खान ने 55वां बर्थडे मनाया. उनका जन्म 20 दिसंबर 1970 में हुआ था. इस मौके पर चलिए एक नजर उनके करियर पर डालते हैं. साथ ही उस फिल्म के बारे में भी जानते हैं, जिसके बाद उन्होंने 12 साल तक कोई भी फिल्म डायरेक्ट नहीं की थी. सोहेल ने बतौर डायरेक्टर अपना करियर साल 1997 में शुरू किया था. वो 'औजार' के नाम से एक फिल्म लेकर आए थे, जिसमें सलमान खान, शिल्पा शेट्टी और संजय कपूर जैसे सितारे नजर आए थे. उसके अगले साल यानी 1998 में उन्होंने प्रोड्यूसर के तौर भी डेब्यू किया था.

### सोहेल की एक्टिंग डेब्यू फिल्म

सोहेल की प्रोड्यूस की गई पहली फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' थी. इसे डायरेक्ट भी उन्होंने ही किया था. डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के तौर पर काम करने के बाद सोहेल ने 2002 में अपने एक्टिंग करियर का आगाज किया था. वो 'मैंने दिल तुझको दिया' के नाम से एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म लेकर आए थे. उनके साथ फिल्म में समीरा रेड्डी, संजय दत्त और कबीर बेदी भी थे. खास बात ये थी एक्टिंग करने के साथ-साथ उन्होंने खुद ही इस पिक्चर को डायरेक्ट भी किया था. हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई थी. यानी फ्लॉप हो गई थी.

# दोस्ती और रिश्तों की अहमियत पर अंकिता लोखंडे का भावुक पोस्ट



**टेलीविजन** इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री अंकिता लोखंडे भले ही धारावाहिकों में कम नजर आती हैं, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए अपनी निजी जिंदगी के प्यारे पलों को शेयर करती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। अभिनेत्री ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया, जिसकी कुछ दिलचस्प तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इसमें अभिनेत्री के साथ उनके पति विकास जैन, एल्विश यादव, समर्थ जुरैल समते कई कलाकार और दोस्त शामिल हैं। ये तस्वीरें अभिनेत्री की बर्थडे पार्टी की हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'दोस्ती और रिश्ते जीवन की दो अलग-अलग लेकिन बहुत सुंदर देन हैं। सच्ची दोस्ती भगवान का तोहफा होता है, जो दिल के मिलने से बनते हैं। जिन्हें हम प्यार, समय, समझ और कोशिश से बनाते हैं।' अभिनेत्री ने आगे लिखा कि अक्सर हमें पता नहीं चलता है कि ये दोस्ती और रिश्ते हमारी जिंदगी को कितना बदल देते हैं। खुशी के पलों में बहुत कम लोग सच में हमारे साथ खुश होते हैं, और दुख के समय तो और भी कम लोग चुपचाप साथ खड़े रहते हैं। अभिनेत्री मुंबई में लंबे समय से रह रही हैं। उनका कहना है कि यहां पर इतने सच्चे दोस्तों का मिलना उनके लिए भाग्य चमकने से कम नहीं है। उन्होंने लिखा, 'मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि यहां पर मुझे ऐसे लोग मिले हैं जिनके साथ मैं अपनी खुशियां, चुप्पी, हंसी और आंसू बांट सकती हूं।

# एक्ट्रेस अनीत की चमकी किस्मत

## हाथ लगी इस बड़े प्रोडक्शन हाउस की फिल्म



'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा के हाथ एक बड़े प्रोडक्शन हाउस की फिल्म लगी है. उस फिल्म में उनके साथ आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू वेब सीरीज के हीरो लक्ष्य लालवानी नजर आने वाले हैं. अनीत पड्डा ने इसी साल भारत की बड़ी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी 'सैयारा' से बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया. फिल्म में उनके साथ अहान पांडे दिखे. दोनों की जोड़ी फैंस को काफी पसंद आई. फिल्म को लोगों का काफी प्यार मिला और बंपर कमाई भी हुई है. अब अनीत के हाथ एक और बड़े प्रोडक्शन हाउस की फिल्म लगी है. अब वो एक ऐसी कंपनी के साथ फिल्म करने जा रही हैं, जिसने पहले साल 2024 और फिर 2025 में बॉलीवुड को साल की सबसे बड़ी फिल्म दी. यहां जिस प्रोडक्शन हाउस की बात हो रही है वो है 'मैडॉक फिल्म्स'. साल 2024 में इस कंपनी के बैनर तले बनी श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' साल की दूसरी सबसे बड़ी बॉलीवुड फिल्म साबित हुई थी. ढ्ढस्नक्क के अनुसार वर्ल्डवाइड फिल्म ने 858.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली थी. वहीं विकी कौशल की छावा 808.7 करोड़ रुपये की कमाई के साथ 2025 की सबसे बड़ी फिल्म है.

# टिस्का चोपड़ा ने खास अंदाज में पति संजय को दी

## सालगिरह की बधाई



**बॉलीवुड** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा और उनके पति संजय चोपड़ा शनिवार को अपनी शादी की सालगिरह मना रहे हैं। इस खास अवसर पर टिस्का ने अपने वैवाहिक जीवन की यादों को सोशल मीडिया पर ताजा किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पति संग तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दोनों के बीच केमिस्ट्री साफ झलक रही है। दोनों एक-दूसरे के साथ मुस्कुराते और गले लगते नजर आ रहे हैं। वहीं, फैंस ने भी कमेंट्स सेक्शन में दंपति को बधाइयां और शुभकामनाएं दी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा, 'हम अभी भी साथ में नाचते हैं, अभी भी थोड़ी नोक-झोंक होती है और हम बेस्ट फ्रेंड्स हैं। हैप्पी एनिवर्सरी, संजय चोपड़ा। अभिनेत्री ने एयर इंडिया पायलट संजय चोपड़ा से साल 1997 में शादी की थी। दोनों की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। दरअसल, दोनों की पहली मुलाकात फ्लैट ढूंढने के दौरान हुई थी। दरअसल, उस दौरान संजय मुंबई में एयर इंडिया हॉस्टल में रह रहे थे। वहीं, दोस्तों संग रहने के लिए वे फ्लैट ढूंढ रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात अभिनेत्री से हुई थी, लेकिन टिस्का उन दिनों अभिनेत्री नहीं थी, बल्कि वे एयर होस्टेस थीं। पहले फोन कॉल पर बातचीत हुई, फिर मुलाकात हुई, धीरे-धीरे दोस्ती हुई और ये रिश्ता वैवाहिक बंधन में बदल गया। अभिनेत्री ने हाल ही में फिल्म 'साली मोहब्बत' से निर्देशन में डेब्यू किया है। इस फिल्म में राधिका आप्टे, दिव्येंदु, अनुराग कश्यप और वेटरन एक्टर शरत सक्सेना मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसका निर्माण जियो स्टूडियोज और मनीष मल्होत्रा मिलकर स्टेज5 प्रोडक्शन के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर की साधारण गृहिणी के इर्द-गिर्द घूमती है। वो जिंदगी में अचानक बेवफाई और धोखे के जाल में फंस जाती है। फिर शुरू होती है उसकी जिंदगी की असली जंग। कहानी में प्यार, धोखा, बदला और आत्म-सम्मान जैसे कई गहरे मुद्दे छुए गए हैं।

# मप्रः मुख्यमंत्री आज 3.77 लाख किसानों के खातों में अंतरित करेंगे 810 करोड़ रुपये

## रतलाम जिले के जावरा में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को रतलाम जिले के शासकीय भगत सिंह महाविद्यालय जावरा में आयोजित राज्य स्तरीय सोयाबीन भावांतर योजना कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से 3.77 लाख किसानों के खातों में 810 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। गौरतलब है कि भावांतर योजना में अब तक 6.44 किसानों को 1292 करोड़ रुपये अंतरित किये जा चुके हैं। जनसम्पर्क अधिकारी अनुराधा गहरवार ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम सुजापुर में पूर्व सांसद डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। इस अवसर पर मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी मौजूद रहें।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह भोपाल से राजकीय विमान द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12:30 बजे हेलीपेड बाराखेड़ा, तहसील जावरा आएंगे और भावांतर योजना व स्व. डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद शाम 5 बजे हेलीपेड रतलाम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रख्यात राजनेता कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि (28 दिसम्बर) पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा को समर्पित रहा। वे सत्ता के माध्यम से नहीं, बल्कि मूल्य और संस्कार के माध्यम से राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन लाने के पक्षधर थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे जी की सादगी, अनुशासन, निष्ठा और आत्मीयता उनके व्यक्तित्व की पहचान थी। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने और जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ से कुशाभाऊ ठाकरे जी का विशेष संबंध रहा है। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि राजनीति का मूल उद्देश्य सेवा, राष्ट्रहित और समाज कल्याण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे जी की पावन स्मृतियाँ हम सभी को राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की निरंतर प्रेरणा देती रहती है।

## धामी सरकार ने अब तक 571 अवैध मजारों को हटाया

- देहरादून में एक और अवैध मजार हटाई गई, प्रशासन की कार्रवाई जारी

एजेंसी

**देहरादून :** अब तक धामी सरकार ने सरकारी भूमि पर बनी कुल 571 अवैध मजारों को हटाया है। देर रात उत्तराखंड की राजधानी में देहरादून में प्रशासन ने शास्त्री नगर, अजबपुर कलां क्षेत्र में सड़क किनारे बनी एक अवैध मजार को बुलडोजर से हटाया। नोटिस के बावजूद दस्तावेज न मिलने पर यह कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई गई अवैध संरचनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। लोगों से स्वयं ऐसे निर्माण हटाने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से इस कार्रवाई से लगभग दो सप्ताह पूर्व संबंधित स्थल पर नोटिस चस्पा किया गया था, जिसमें संरचना के निर्माण से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समयावधि में कोई जवाब प्राप्त न होने पर यह कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह और एसडीएम हरि गिरी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने अवैध मजार को हटाया। कार्रवाई के दौरान संरचना के नीचे किसी भी प्रकार के अवशेष नहीं पाए गए। हटाए गए मलबे को मौके से साफ कर दिया गया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से कार्रवाई से पहले क्षेत्र को सील कर दिया गया था। करीब एक घंटे तक चली इस कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध या अप्रिय स्थिति सामने नहीं आई। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा अब तक सरकारी भूमि पर बनी कुल 571 अवैध मजारों को हटाया जा चुका है।

## कैरी बैग की आड़ में लाखों की शराब तस्करी, दो गिरफ्तार

**अजमेर :** आबकारी विभाग ने विशेष अभियान के तहत किशनगढ़ में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये मूल्य की शराब जब्त की है। यह शराब चंडीगढ़ निर्मित है, जिसे अजमेर के रास्ते उदयपुर की तरफ ले जाया जा रहा था। मामले में अलग-अलग ब्रांड के 385 कर्टन में 18480 पव्वे शराब जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। प्रहराधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि पाली आबकारी अधिकारी मनोज बिस्सा से इनपुट मिला था कि किशनगढ़ के रास्ते बड़ी संख्या में शराब की अवैध रूप से तस्करी की जा रही है। इस पर किशनगढ़ टोल के समीप नाकाबंदी की गई। इस दौरान जयपुर की तरफ से एक ट्रेलर आरजे 02 जीबी 2769 आया, जिसे रोककर चालक चित्तौड़गढ़ के नंगावली निवासी गणपतलाल पुत्र नारायणलाल से पूछताछ की गई तो उसने ट्रेलर में कैरी बैग होने की बात कही। जवाब संतोषजनक नहीं लगने पर ट्रेलर की तलाशी ली गई तो उसमें कैरी बैग के कर्टन की आड़ में छिपा रखे अलग-अलग ब्रांड के 385 कर्टन शराब मिली। इन कर्टन में 18480 पव्वे अलग-अलग ब्रांड के हैं, जिन्हें जब्त कर चालक गणपतसिंह और उसके साथ इसी इलाके के रहने वाले निर्मल पुत्र रामलाल को गिरफ्तार किया गया है।

## रतन टाटा की जयंती पर राष्ट्र ने किया नमन, नेताओं ने उनके नैतिक नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान को किया याद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के अग्रणी उद्योगपति और पद्म विभूषण रतन टाटा की जयंती के अवसर पर रविवार को देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जगत की प्रमुख हस्तियों ने उनके नैतिक नेतृत्व, परोपकार, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर लिखा, ह्यरतन टाटा ने यह सिद्ध किया कि सच्ची सफलता केवल व्यावसायिक उपलब्धियों में नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा में निहित होती है। उनकी विरासत आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रतन टाटा को दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में नवाचार और करुणा का अनूठा संगम देखने को मिला। उन्होंने भारतीय उद्यमिता को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई और राष्ट्रीय विकास में



उद्योग की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित किया। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि रतन टाटा का जीवन सत्यनिष्ठा, विनम्रता और मानवीय करुणा से ओत-प्रोत था। उन्होंने उद्योग जगत में नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रतन टाटा को भारतीय उद्योग जगत का दिग्गज और दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देकर देश के भविष्य को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि रतन टाटा के नेतृत्व में भारतीय उद्योग ने मूल्यों से समझौता किए बिना वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने यह साबित किया कि नैतिकता और व्यावसायिक सफलता एक साथ चल सकती हैं। अभिनेता और नेता शत्रुघ्न सिन्हा ने रतन टाटा को सच्चे अर्थों में ह्यभारत रत्नह्न बताते हुए कहा कि वे उदार हृदय वाले, अद्भुत इंसान और अत्यंत विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने समाज को सेवा और संवेदनशीलता का संदेश दिया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि रतन टाटा का संपूर्ण जीवन व्यापार में उत्कृष्टता और परोपकार को समर्पित रहा। उन्होंने न केवल उद्योग जगत को नई दिशा दी, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को भी व्यवसाय का अभिन्न अंग बनाया।

## स्मीयर माइक्रोस्कोपी से छूट जाते हैं कई टीबी केस : डॉ. आशुतोष दुबे

एजेंसी

**लखनऊ :** ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले डायग्नोस्टिक टेस्ट, स्मीयर माइक्रोस्कोपी की सीमित संवेदनशीलता के कारण बड़ी संख्या में टीबी के मामले बिना पता चले रह जाते हैं। इस बात पर ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स), गोरखपुर द्वारा किए गए और इंटरनेशनल जर्नल ऑफ माइकोबैक्टीरियोलॉजी में प्रकाशित हालिया अध्ययन में जोर दिया गया है। यह अध्ययन स्मीयर माइक्रोस्कोपी पर लगातार निर्भरता के बारे में चिंताएं पैदा करता है। खासकर उन मरीजों में जिनमें बैक्टीरिया का लोड कम होता है,



बीमारी शुरूआती दौर में होती है, एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी होती है, या एचआईवी और डायबिटीज जैसी सह-बीमारियां होती हैं। इन समूहों में पारंपरिक डायग्नोस्टिक तरीकों से बीमारी का पता न चलने का खतरा ज्यादा होता है, जिससे इलाज में देरी होती है और बीमारी फैलती रहती है। अध्ययन के अनुसार, 4,249 पल्मोनरी और एक्स्ट्रा-पल्मोनरी नमूनों के विश्लेषण से पता चला कि स्मीयर माइक्रोस्कोपी ने केवल 4.3 प्रतिशत मामलों में टीबी का पता लगाया। इसकी तुलना में, ळ१४ीठ३ माइकोबैक्टीरियम टीबी/रिफैम्पिसिन (आरआईएफ) टेस्ट ने 13.7 प्रतिशत नमूनों में इन्फेक्शन की पहचान की, जो इसकी बेहतर संवेदनशीलता को दर्शाता है। लखनऊ सिविल अस्पताल के सीनियर टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष दुबे ने रविवार को बताया, ₹स्मीयर माइक्रोस्कोपी सस्ती और आसानी से उपलब्ध है, लेकिन इसकी संवेदनशीलता सीमित है। खासकर शुरूआती बीमारी, एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी, एचआईवी को-इंफेक्शन या डायबिटीज वाले मरीजों में। डॉ. आशुतोष के अनुसार, सही इलाज शुरू करने और आगे संक्रमण को रोकने के लिए दवा प्रतिरोध का शुरूआती पता लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पारंपरिक माइक्रोस्कोपी को मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स के साथ मिलाने से सीमित संसाधनों वाले व ज्यादा बोझ वाले क्षेत्रों में टीबी नियंत्रण प्रयासों को काफी मजबूत किया जा सकता है। इस अध्ययन के अनुसार शुरूआती पहचान को बढ़ाना, दवा प्रतिरोध की तुरंत पहचान करना और समय पर इलाज सुनिश्चित करना संचरण को कम करने, रोगी के परिणामों में सुधार करने और देश को टीबी-मुक्त भविष्य के करीब लाने में मदद कर सकता है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर ग्रामीण में सुनेंगे प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम

- भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश के सभी बूथों पर सुनेंगे प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम

एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद आज रविवार को इंदौर ग्रामीण जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ह्यमन की बातह्य कार्यक्रम को सुनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ वरिष्ठ नेतृत्व इंदौर ग्रामीण जिले के सांवेर विधानसभा के मां क्षिप्रा मंडल के बूथ क्रमांक 98 पर प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। इसी तरह प्रदेश शासन के मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता अलग-अलग बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ह्यमन की बातह्य कार्यक्रम को सुनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामूहिक विवाह समारोह में होंगे शामिलइससे पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इंदौर में एक सामूहिक विवाह समारोह में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10.30 बजे स्टेट हेंगर भोपाल से हेलीपेड लॉजी पार्क अर्जुन बड़ौदागांव, शिप्रा (वि.स. सांवेर) जिला इंदौर पहुंचेंगे। सुबह 10.35 बजे सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होंगे।

## नए साल की आहट से गुलजार शिमला, सैलानियों की भीड़ ने बढ़ाया ट्रैफिक दबाव

एजेंसी

**शिमला :** नए साल के जश्न की उलटी गिनती शुरू होते ही हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सैलानियों से गुलजार हो गई है। वीकेंड के साथ-साथ छुट्टियों के सीजन ने पर्यटकों की आमद में अचानक तेजी ला दी है। हालात यह हैं कि रोजाना हजारों की संख्या में वाहन शिमला की ओर रुख कर रहे हैं। इससे शहर के प्रवेश मार्गों से लेकर भीतर तक यातायात व्यवस्था पर भारी दबाव देखने को मिल रहा है। प्रशासनिक आंकड़ों के मुताबिक बीते दो-तीन दिनों से प्रतिदिन करीब छह से सात हजार वाहन शिमला में दाखिल हो रहे हैं। बर्फबारी की संभावनाएं, विंटर कार्निवल और नए साल पर होने वाले विशेष आयोजनों ने शिमला को सर्दियों की सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थली बना दिया है। इसी वजह से दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या



में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। इस वीक एंड पर कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। शिमला से करीब पांच किलोमीटर पहले ही जाम की स्थिति बन रही है। शिमला-कालका नेशनल हाइवे पर शिमला के प्रवेश द्वार से शहर तक का चार किलोमीटर का सफर तय करने में वाहनों को एक से डेढ़ घंटे तक का वक्त लग गया।कालका-शिमला हाइवे पर तारादेवी और शोघी क्षेत्रों में ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए वन-मिनट ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है, लेकिन इसके बावजूद जाम की समस्या पूरी तरह काबू में नहीं आ पा रही है। वीकेंड पर बढ़ी आवाजाही से स्थानीय लोगों को भी रोजमर्रा के कामों में परेशानी का सामना करना पड़ा। पर्यटकों की बढ़ती संख्या का सीधा असर होटल उद्योग पर भी नजर आ रहा है। शहर के अधिकतर होटलों में वीकेंड के लिए 80 से 90 फीसदी तक ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई है। वहीं 31 दिसंबर और 1 जनवरी के लिए कई होटलों में लगभग सभी कमरे पहले ही बुक हो चुके हैं। होटल कारोबारी एडवांस बुकिंग कराने वाले सैलानियों को 15 से 20 फीसदी तक की छूट भी दे रहे हैं।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि अगर नए साल के आसपास बर्फबारी होती है तो बुकिंग में और इजाफा तय है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक शिमला सहित पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की सम्भावना जताई है। इस विंटर सीजन में शिमला में अभी तक सैलानियों को बर्फबारी का दीदार नहीं हुआ है। नए साल के स्वागत को लेकर होटलों में खास तैयारियां की गई हैं। कई होटलों में डीजे नाइट, गाला डिनर, डाइन एंड डांस और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यटक देर रात तक संगीत, भोजन और मनोरंजन के बीच नए साल का स्वागत करेंगे। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि यह सीजन उनके लिए आर्थिक रूप से राहत लेकर आएगा इधर, शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर चल रहा विंटर कार्निवल भी सैलानियों के आकर्षण का बड़ा केंद्र बना हुआ है। कार्निवल में हिमाचल की लोक संस्कृति, नृत्य, संगीत और पारंपरिक व्यंजनों की झलक देखने को मिल रही है। रिज पर लगे स्टालों पर पर्यटक स्थानीय उत्पादों और खानपान का आनंद ले रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बाराबंकी के राम नगर में हाइब्रिड धान की खरीद बंद, किसानों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**बाराबंकी :** उत्तर प्रदेश के जनपद बाराबंकी में रामनगर संघ व क्षेत्र की समितियों द्वारा हाइब्रिड धान की खरीद अचानक बंद किए जाने से किसानों में भारी नाराजगी है। यूनियन के नेताओं ने धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश उपभोक्ता संघ के एमडी के आदेश का हवाला देते हुए रामनगर संघ के सचिव अवधेश दीक्षित ने लिखित आदेश जारी कर उसे केंद्र पर चस्पा कर दिया। इस आदेश में हाइब्रिड धान की खरीद पर रोक की बात कही गई है। खरीद बंद होने से क्षेत्र के किसान बेहद परेशान हैं। किसानों का कहना है कि बाजार में रेट कम होने से धान की फसल उनके घरों में है जो खरीद न होने से भारी नुकसान होगा। किसान यूनियन के नेता राजेंद्र प्रसाद , शिव बरन नरेंद्र और शीतला सिंह आदि ने इस आदेश पर कड़ा आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों के पास धान मौजूद है तब तक उसकी खरीद की जानी चाहिए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही हाइब्रिड धान की खरीद दोबारा शुरू नहीं की गई तो किसान यूनियन आंदोलन करने को मजबूर होगी। तहसीलदार रामनगर विपुल सिंह ने कहा कि मेरे पास कोई ऐसी शिकायत नहीं आई है अगर कोई ऐसी शिकायत आती है तो उच्च अधिकारी को सूचित किया जाएगा। वहीं सहकारी संघ रामनगर के सचिव अवधेश दीक्षित ने बताया कि उच्च अफसरों का आदेश है इसलिए हाइब्रिड धान की खरीद बंद की गई है।

### उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण का स्थलीय निरीक्षण, किसान से की बातचीत

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण का स्थलीय निरीक्षण करने निकले जिला कृषि अधिकारी संगम सी सिंह ने आयर क्षेत्र की साधन सहकारी समिति निरीक्षण किया। इस दौरान किसान लाल जी ने उन्हें बताया कि अंगूठे का निशान लगाकर और आधार कार्ड दिखाकर समिति के लोग उर्वरक दे देते हैं। कोई दिक्कत नहीं आती है। जिला कृषि अधिकारी संगम सी सिंह ने बताया कि उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। बाजारों में जाकर दुकानदारों से जांच की जाती है। समितियां के लोगों को जांचा परखा जाता है। रविवार को सीधे किसानों से वार्ता करने के लिए वह क्षेत्र में निकले हैं और अभी तक सकारात्मक जवाब प्राप्त हुए हैं।

### फर्जी नौकरियाँ, असली धोखाधड़ी क्राइम ब्रांच कश्मीर ने कई लाख के रोजगार घोटाले में आरोपपत्र दाखिल किया

**श्रीनगर :** रोजगार से संबंधित धोखाधड़ी पर एक बड़ी कार्रवाई में अपराध शाखा कश्मीर की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बड़े पैमाने पर नौकरी घोटाले के संबंध में सिटी जज (उप रजिस्ट्रार) श्रीनगर की अदालत के समक्ष एक विस्तृत आरोप पत्र दायर किया है जिसमें प्रतिष्ठित अस्पतालों और बैंकों में नौकरियों के झूठे वादे पर दर्जनों बेरोजगार युवाओं से कथित तौर पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई थी । जारी एक बयान में अपराध शाखा कश्मीर की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने धारा 420, 467, 468, 471 आरपीसी के तहत दर्ज एफआईआर संख्या 49/2022 के संबंध में माननीय सिटी जज (सब रजिस्ट्रार) श्रीनगर की अदालत के समक्ष एक व्यापक आरोप पत्र दायर किया है। बड़े पैमाने पर नौकरी धोखाधड़ी से संबंधित मामला एक लिखित शिकायत से उपजा है जिसमें तंगमर्ग क्षेत्र के लगभग कई निवासियों ने आरोप लगाया कि उन्हें रेयाज अहमद टपलू, पुत्र मोहम्मद सिदिक टपलू निवासी अंचार दगापोरा सौरा, श्रीनगर ने धोखा दिया है। आरोपियों ने कथित तौर पर प्रतिष्ठित अस्पतालों और बैंकों में सुरक्षा गार्ड के रूप में नौकरी दिलाने का झूठा वादा करके निर्दोष नौकरी चाहने वालों को लुभाया। इस झूठे बहाने के तहत उसने कथित तौर पर पीड़ितों से कई लाख रुपये की भारी रकम एकत्र की। इसमें लिखा है कि धोखाधड़ी को और अधिक वैध बनाने के लिए आरोपी ने कथित तौर पर फर्जी नियुक्ति आदेश और वर्दी आइटम जारी किए जिससे पीड़ितों को यह विश्वास हो गया कि रोजगार की पेशकश वास्तविक थीबयान में आगे लिखा है, शिकायत मिलने पर अपराध शाखा कश्मीर (अब आर्थिक अपराध शाखा) ने गहन और सावधानीपूर्वक जांच शुरू की। जिसके दौरान प्रथम दृष्टया यह स्थापित हुआ कि आरोपी साईं एंजो के नाम और शैली के तहत एक फर्जी एंजो संचालित कर रहा था। इस फर्जी संस्था का उपयोग करते हुए, आरोपियों ने जाली नियुक्ति पत्र और रोजगार के झूठे आश्वासन जारी करके बेरोजगार युवाओं को व्यवस्थित रूप से धोखा दिया।

जांच से निर्णायक रूप से पता चला कि आरोपी जानबूझकर धोखाधड़ी, जालसाजी और जाली दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करने के कृत्यों में शामिल था, जिससे गंभीर आर्थिक अपराध हुए और कमजोर नौकरी चाहने वालों का शोषण हुआ। इसमें कहा गया है कि सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने और पर्याप्त सबूत इकट्ठा करने के बाद आर्थिक अपराध शाखा ने औपचारिक रूप से न्यायिक जांच और सुनवाई के लिए सक्षम अदालत के समक्ष आरोप पत्र जमा कर दिया है।

बयान में कहा गया है कि आर्थिक अपराध शाखा रोजगार संबंधी धोखाधड़ी को रोकने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है और जनता से धोखाधड़ी वाली नौकरी की पेशकश के प्रति सतर्क रहने और कोई भी वित्तीय प्रतिबद्धता बनाने से पहले भर्ती एजेंसियों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने का आग्रह करती है।

### आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू अयोध्या पहुंचे, राम मंदिर में करेंगे दर्शन-पूजन

**अयोध्या :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू रविवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान रामलला के दर्शन-पूजन के लिए अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने उनका स्वागत किया। यहां से वह राम मंदिर के लिए रवाना हुए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में लगभग तीन घंटे रहेंगे और मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ मंदिर निर्माण की शैली देखेंगे। मंदिर पहुंचने पर उनका स्वागत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय करेंगेक नायडू राम मंदिर के प्रतिष्ठा द्वादशी के मौके पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भी सहभागिता करेंगे और महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से 2:50 बजे विजयवाड़ा एयरपोर्ट (आंध्र प्रदेश) के लिए उड़ान भरेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह आज विदिशा में, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**भोपाल :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रविवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री यहां सांसद खेल महोत्सव समेत जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार, केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे विदिशा पहुंचेंगे और यहां सांसद कप क्रिकेट, कबडडी के फायनल एसएसएल जैन कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री चौहान दोपहर तीन से चार बजे के बीच विदिशा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर गाडी संख्या 12629/12630, 16031/16032 और गाडी संख्या 18235/18236 को प्रायोगिक ठहराव हाल्ट का शुभांरभ करेगे। इस कार्यक्रम के उपरांत केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान विदिशा में आयोजित प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद वे गंजबासौदा में विधायक हरिसिंह के घर पहुंचेंगे और यहां से सायं छह बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### सीतापुरः पेड़ से लटका मिला दंपति का शव, 21 दिन पहले की थी शादी

**सीतापुर :** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में एक विवाहित जोड़ का शव उसी मंदिर में लगे पेड़ से लटका मिला, जहां सात दिसंबर को दोनों ने प्रेम विवाह किया था। उनकी शादी को अभी 21 दिन हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सदर नेहा त्रिपाठी भी घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।

सीओ ने बताया कि लहरपुर थाना अंतर्गत बस्ती पुरवा के खुशीराम (22) और मोहिनी (20) का शव अनियापुर गांव के मंदिर परिसर में लगे पुराने पेड़ से लटका मिला है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। इनके बारे ग्रामीणों से पता चला है कि ये दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे और इसी सात दिसंबर को इन लोगों ने इसी मंदिर में प्रेम विवाह किया था, आज उसी मंदिर के पेड़ से लटके दोनों के शव मिले हैं।

फिलहाल इस मामले में परिवार के लोग कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। लेकिन गांव में चर्चा और हर शख्स की जुबां पर एक ही सवाल है कि क्या यह सचमुच खुदकुशी थी या फिर दो जिंदगियों को जबरन खामोश कर दिया गया ? क्योंकि इस शादी से दोनों के परिजन खुश नहीं थे ।लेकिन जब इन्होंने मंदिर में प्रेम विवाह कर लिया तो परिजनों ने इन्हें आशीर्वाद दिया था। सीओ ने बताया कि पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों शवों के पैर जमीन को छू रहे थे ।प्रथमदृष्तया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है

### एक्वा वर्ल्ड में मस्ती और उमंग का उत्सव रिलायंस कार्निवल 2026 शुरू

# कार्निवल जैसे आयोजनों से रांची वासियों को मिलता है मनोरंजन के साथ सामाजिक संदेश : संजय सेठ







**मेट्रो रेज**

**रांची:** एक्वा वर्ल्ड में नव वर्ष पर आयोजित आठ दिवसीय मेला रिलायंस कार्निवल 2026 का उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। श्री सेठ ने गुब्बारे उड़ाकर कार्निवल को ओपन किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने एक्वा वर्ल्ड ग्रुप की संस्थापक अध्यक्ष प्रभा शाहदेव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में संजय सेठ ने कहा कि रांची टूरिज्म का हब बनता जा रहा है। शहर के बीच में एक्वा वर्ल्ड एक पसंदीदा डेस्टिनेशन बन गया है। उन्होंने कार्निवल की भूरी- भूरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस से रांची वासियों को मनोरंजन का एक अच्छा अवसर मिलता है। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि कार्निवल के जरिए सामाजिक संदेश भी दिया जाता है जैसे इस बार दिव्यांग बच्चों का फैशन शो, ट्रांसजेंडर फैशन शो, प्रत्येक दिन विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा टॉक शो, ट्रैफिक क्विज, आदि का आयोजन किया जा रहा है। स्वागत संबोधन में एक्वा वर्ल्ड समूह के अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव ने एक्वा वर्ल्ड के सफर को याद करते हुए रांची वासियों का शुक्रिया अदा किया कि उन्होंने दो दशकों के बाद भी एक्वा वर्ल्ड को एक पसंदीदा इंटरटेनमेंट स्पॉट बना कर रखा है। प्रतुल ने कहा कि कार्निवल के जरिए समाज के सभी आयु वर्गों का ख्याल रखा गया है। 8 दिनों तक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम रहेगी।

इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा, विपुल नायक ,सत्य प्रकाश चंदेल, लोकेश कुमार ,राहुल शाह देव,वसीम आलम,देव ज्योति नाहा, एकता, आनंद नायक, प्रदुमन, उदय व अन्य उपस्थित थे।

रिलायंस कार्निवल में आज के मुख्य कार्यक्रमः स्पून मार्बल रेस, पेपर कपल डांस, मेरा जूता है जापानी, सेल्फी प्रतियोगिता, जब तक रहेगा समोसे में आलू ,ट्रेजर हंट ,पॉपकॉर्न ईटिंग कंपटीशन ,मेगा मैजिक शो ,व्हाइट आउटफिट प्रतियोगिता,आदि प्रमुख है।

## टीबी मुक्त कोडरमा : एआई तकनीक से ट्रैक होंगे लापता मरीज, उपायुक्त ने दिए फॉलो-अप के निर्देश



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा:** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप देने के उद्देश्य से राज्य सरकार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा एक सराहनीय और तकनीक आधारित पहल शुरू की जा रही है। इस पहल के तहत टीबी मरीजों की एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित पहचान, नियमित निगरानी तथा मृत्यु दर में कमी लाने के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाएगी। इस संबंध में समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में टीबी मरीजों की सतत ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि इलाज के दौरान कोई भी मरीज छूटने न पाए। उपायुक्त ने कहा कि चिन्हित टीबी मरीजों का समय- समय पर फॉलो-अप किया जाएगा और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय उपचार के साथ परामर्श भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल से जिले में टीबी उन्मूलन अभियान को नई गति मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता बढ़ेगी। बैठक में जिला यक्ष्मा निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### आदिम जनजाति समुदाय को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन की बड़ी पहल

# बिरहोर टोलों में विशेष शिविर आयोजित, कंबल वितरण

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**कोडरमा:** राज्य सरकार की जनोपयोगी एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आदिम जनजाति समुदाय तक सीधे पहुँचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा निरंतर एवं प्रभावी पहल की जा रही है। राज्य सरकार से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में आदिम जनजाति समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा जयनगर प्रखंड के मेसौधा बिरहोर टोला, सतगावां प्रखंड के राजावर बिरहोर टोला, चंदवारा प्रखंड के बेंदी पंचायत के बिरहोर टोला, डोमचांच प्रखंड के ढोढाकोला जमुनिया बिरहोर टोला एवं नगर पंचायत के फुलवारिया बिरहोर टोला में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से आदिम जनजाति परिवारों को विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में जन्म प्रमाण पत्र निर्गमन, आधार पंजीकरण, आयुष्मान भारत कार्ड, पेंशन एवं राशन योजनाएं, श्रम कार्ड निबंधन, आईसीडीएस गतिविधियां, स्पॉन्सरशिप स्कीम, पशुधन योजनाएं सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इसके साथ ही ठंड को देखते हुए जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान आदिम जनजाति परिवारों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें टीबी स्क्रीनिंग (एक्स-रे सहित), ब्लड प्रेशर, शुगर एवं हाइपरटेंशन की जांच शामिल रही। आवश्यकतानुसार लाभार्थियों को दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। सभी लाभार्थियों की टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित की गई, जिससे टीबी उन्मूलन अभियान को और गति मिल सके। इसके अतिरिक्त जिला नियोजनालय, कोडरमा द्वारा युवाओं का निबंधन किया गया। शिविर के दौरान कमांडो सिक्योरिटी कंपनी हेतु योग्य युवक-युवतियों से आवेदन भी प्राप्त किए गए, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आदिम जनजाति समुदाय के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए इस प्रकार के विशेष शिविर आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।



## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की उप सचिव ने किया बीएस नर्सिंग होम व करमा मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा:** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में शुक्रवार को एक अहम पहल देखने को मिली। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार की उप सचिव आकांक्षा रंजन एवं राज्य स्तर के पदाधिकारी डॉ. प्रदीप सिंह के आगमन पर जिला उपायुक्त ऋतुराज ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत उप सचिव ने बीएस नर्सिंग होम तथा करमा मेडिकल कॉलेज का भ्रमण कर वहां संचालित एवं निमार्णाधीन स्वास्थ्य सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों से कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली गई तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। बाद में परिसदन में आयोजित समीक्षा बैठक में उप सचिव ने दोनों संस्थानों में चल रहे कार्यों एवं निर्माण की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया। उन्होंने कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने, गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने तथा जनहित को सर्वोपरि रखने का स्पष्ट निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. रंजीत, भवन निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यधारा से जुड़ते कदम : बिरहोर परिवार तक पहुंचा विकास, शिविर में हुआ समस्याओं का समाधान

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**सतगावां:** कोडरमा उपायुक्त के निदेर्शानुसार चल रहे विशेष शिविर आयोजित किया। जिसमें शनिवार को प्रखंड के राजावर पंचायत अंतर्गत डेबोडीह स्थित बिरहोर कॉलोनी में आदिम जनजाति (बिरहोर) समुदाय के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बिरहोर परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना था।

शिविर में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि धनंजय यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक, अंचल अधिकारी केशव प्रसाद चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे अधिकारियों ने शिविर में आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और बिरहोर परिवारों के घरों तक जाकर उनके आवासीय हालात का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे, जहां नन्हे बच्चों ने माला पहनाकर अधिकारियों का स्वागत किया। पदाधिकारियों ने बच्चों से बातचीत की और आंगनबाड़ी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर के दौरान कई जरूरी कार्य किए गए। पात्र लाभुकों के लिए आवास, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए। साथ ही स्वास्थ्य जांच कर ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयां दी गईं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन से योग्य लाभुकों को जोड़ा गया। नए राशन कार्ड के लिए आवेदन और त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पूरी की गई। आधार कार्ड पंजीकरण एवं सुधार के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए। इसके अलावा गांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए पेवर ब्लॉक, पीसीसी सड़क, चबूतरा, सामुदायिक शौचालय, सामूहिक असनागर, डीप बोरिंग, जल मीनार मरम्मती सहित अन्य योजनाओं पर भी कार्यवाही की गई।

## मनरेगा हटाने व वीबी-ग्राम जी बिल के विरोध में जेएमएम का धरना कल



**सिमडेगा :** भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा अधिनियम, 2005 को समाप्त कर उसकी जगह वीबी-ग्राम जी बिल, 2025 (विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण) को लागू किए जाने के खिलाफ व्यापक विरोध शुरू हो गया है। विपक्षी संगठनों का आरोप है कि यह कदम देशहित पर नही है जिसे लेकर जेएमएम के जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा यह एक गरीब-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है और ग्रामीण रोजगार की गारंटी को कमजोर करता है। मनरेगा में जहां मजदूरी की 100% लागत केंद्र सरकार वहन करती थी और आवंटन असीमित था, वहीं वीबी-ग्राम जी बिल में राज्य-वार सीमित आवंटन तय किया गया है। नए प्रावधानों से राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा, जिसका सबसे ज्यादा असर गरीब और अधिक प्रवासी श्रमिक भेजने वाले राज्यों पर पड़ेगा। जिसका हम पूरजोर विरोध करते है ' ?आगे उन्होंने कहा कि केंद्र का यह नया कानून झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों, किसानों और मजदूरों के हितों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून राज्य के 'जल, जंगल और जमीन' से जुड़े अधिकारों को छीनने की एक गहरी साजिश है।

## पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**ठेठईटांगर:** कड़ाके की ठंड को देखते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरनाथ बामलिया के सौजन्य से पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में असहाय लोगों की मदद करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुरजन प्रधान अजित प्रधान, सुनील मांझी, सोनु बड़ाईक ,स्थानीय लोग व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### नव वर्ष पर पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व विधि-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

# उपायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**कोडरमा:** नव वर्ष के अवसर पर जिले के पर्यटन स्थलों पर बढ़ने वाली पर्यटकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए विधि- व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त ऋतुराज ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अंचल अधिकारियों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी पर्यटन स्थलों का नियमित भ्रमण सुनिश्चित किया जाए। देर शाम तक पर्यटन स्थलों पर ठहरे पर्यटकों को सुरक्षित रूप से वहां से प्रस्थान कराने की व्यवस्था की जाए। सभी थाना प्रभारियों को नियमित गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को वाहनों की नियमित जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तिलैया डैम, वृंदाहा जलप्रपात, पेट्रो जलप्रपात सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सभी पर्यटन स्थलों पर साइनेज बोर्ड लगाने, पार्किंग एवं बैठने की समुचित व्यवस्था, साथ ही शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पर्यटन पदाधिकारी को पर्यटन समितियों के साथ बैठक कर पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के पर्यटन स्थलों पर चौकीदार एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने तथा स्वयं क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन समितियों को भी साफ-सफाई एवं सुव्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब के विरुद्ध नियमित छापेमारी करने तथा जिला परिवहन पदाधिकारी को ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, उत्पाद अधीक्षक अजय गोंड, जिला पर्यटन पदाधिकारी तुषार राय, सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।